अधिकतम : $37^0$ C
न्यूनतम : $22^0$ C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 27 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 49 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 9 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जनता का पैसा जनहित में ही लगेगा: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



ओलंपिक में भारत के पहले तीरंदाजों में से एक, श्याम लाल मीणा का निधन खेल टाइम्स



भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप सम्पादकीय



अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका: मुज्तबा खामेनेई पेज 12

# अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूपी, मप्र व राजस्थान सरकार को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और यूपी सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है, तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल वाहन चालक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अवैध खनन नेटवर्क से जुड़े वाहन मालिकों, ठेकेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों को लेकर भी चिंता जताई।



- फर्जी नंबर वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश

## सुप्रीम कोर्ट ने कचहरा प्रबंधन को लेकर बनाई निगरानी कमेटी

- कचरे की अवैध डंपिंग-ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई होगी
- हर जिले की वेबसाइट पर कलेक्टर देंगे रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम के पालन पर राज्यों की रिपोर्ट आने के बाद सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कचरे की अवैध ट्रांसपोर्ट और अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान की जाए।

जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों और उनके मालिकों या ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने कहा कि हर जिले की वेबसाइट पर ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अलग पेज बनाया जाए। कलेक्टर इस पेज पर कचरा प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, किए जा रहे सुधार और पुराने कचरे की तस्वीरें अपलोड कराएंगे और रिपोर्ट देंगे। सालों से जमा पुराने कचरे के निपटारे की समयसीमा नहीं बढ़ेगी। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन की बेंच ने कचरा प्रबंधन नियमों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाई है। इसमें केंद्र के पांच मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। यह देशभर में नियमों के पालन की निगरानी करेगी, निर्देश देगी और अनुपालन समीक्षा करेगी।

## कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा देने वाले फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की उस याचिका पर नोटिस जारी करते हुए दिया, जिसमें कानून के छात्रों के लिए जरूरी हाजिरी के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों को चुनौती दी गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस जारी करके 21 जुलाई तक जवाब दें। इस बीच विवादित फैसले के पैराग्राफ 249 का असर और ऑपरेशन रुका रहेगा। यह आगे भी हालांकि लागू रहेगा। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश उच्च न्यायालय को उनके सामने लंबित मामलों में हाजिरी की जरूरतों से जुड़े ऐसे ही मामलों पर स्वतंत्र फैसला करने से नहीं रोकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो पाक नागरिकों समेत नौ के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हरियाणा के सिरसा में महिला पुलिस थाने पर नवम्बर 2025 में हुए ग्रेनेड हमले के सिलसिले में दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र में नामजद आरोपियों की पहचान पाकिस्तानी नागरिक और हैंडलर शहजाद भट्टी और सोहेल अहमद उर्फ सोहेल बलूच के रूप में हुई है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों में धीरज उर्फ धीरू, विकास उर्फ विक्की, संदीप उर्फ दायमा, विकास, सुशील उर्फ सल्लू, मोहम्मद सिजान उर्फ सिजान उर्फ गाजी और गुरजंत सिंह शामिल हैं।

### सीएम सुवेंदु बोले बांग्लादेशियों यहां से जल्दी भागो

**नार्थ 24 परगना/ मुर्शिदाबाद।** बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले- राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद बीएसएफ उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। उनके (बांग्लादेश के) ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे। इधर, पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं।

### जनसंख्या बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का गठन

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देशों से घुसपैठ के कारण जनसंख्या में हो रहे बदलाव को बेहद गंभीरता से ले रही सरकार ने सेवानिवृत न्यायाधीश, न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसंख्या में बदलाव पर उच्चस्तरीय समिति का मंगलवार को गठन कर दिया। समिति में जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण के साथ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत आईपीएस बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डा. शमिका रवि को समिति का सदस्य बनाया गया है।

# ईरान ने अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया

तेहरान, वार्ता



अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देंगे: आईआरजीसी

अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी बोट्स पर हमला, मिसाइल साइट को भी निशाना बनाया

**ईरान की** आईआरजीसी ने मंगलवार को दावा किया कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है। ईरान ने इसे अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन बताते हुए चेतावनी जारी की कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा।

ईरानी मीडिया में छपे एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी वायु रक्षा इकाई ने दुश्मन की हवाई गतिविधि की 'सटीक खुफिया निगरानी' के बाद ड्रोन को मार गिराया। उसने यह भी दावा किया कि एक अमेरिकी आरक्यू-4 सर्विलांस ड्रोन और एक एफ-35 फाइटर जेट पर फायरिंग की, जिससे दोनों वायुयानों को इलाका छोड़ना पड़ा। बयान में यह नहीं बताया गया कि ये घटनाएं कब हुईं। ईरानी दावों पर अमेरिकी सेना की ओर से तुरंत कोई जवाब नहीं आया है। आईआरजीसी ने दोहराया कि ईरान के पास युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का 'सही और निर्णायक' अधिकार है और अपने हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के खिलाफ चेतावनी जारी की। यह बयान अमेरिकी सेना के उस बयान के कुछ घंटों बाद आया, जिसमें उसने कहा था कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी मिसाइल लॉन्च स्थलों और नावों पर 'आत्मरक्षा में बचाव' किए हैं।

## समुद्री रास्तों की आजादी जरूरी: ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा कि ईरान की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने का असर अब तेल और ऊर्जा सप्लाई पर दिखने लगा है।

क्वाड देशों का कहना है कि समुद्री रास्ते खुले रहना जरूरी हैं और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर किसी तरह का टोल या रोक नहीं लगनी चाहिए। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल हुए। अमेरिका की ओर से मार्को रुबियो, जापान से तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेनी वोंग मौजूद रहे। विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। जिन देशों पर आतंकी हमले होते हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा का अधिकार है।



- दिल्ली क्वाड बैठक में ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज स्ट्रेट का मुद्दा उठाया
- जयशंकर बोले- 3 बड़े फैसलों पर सहमति बनी

### भारत-अमेरिका ने खनन व प्रसंस्करण के लिए समझौते पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों के खनन तथा प्रसंस्करण की आपूर्ति को सुरक्षित करने संबंधी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय रूपरेखा पर मंगलवार को यहां हस्ताक्षर किए। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने यहां आए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने क्वाड बैठक से इतर इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एस. जयशंकर ने बाद में कहा कि दोनों देशों ने इस महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और इस विषय पर क्वाड सदस्य देशों के साथ भी बैठक में चर्चा हुई थी। उन्होंने इसे बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह समझौता सही समय पर किया गया है और बेहद प्रासंगिक है।

# CNG ₹2 तक महंगी

## मई में चार बार में छह रुपये की हुई बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो




- दिल्ली में 83.09 रुपये किग्रा मिलेगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गई है।

पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए थे। इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गए हैं। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी मंगलवार से 91.70 रुपये हो गई है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गई है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किंग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किंग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गई है।

## अन्नाद्रमुक के एक और बागी विधायक ने दिया इस्तीफा

- इसाकी सुबैया ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को गहरा झटका देते हुए पार्टी के एक और बागी विधायक इसाकी सुबैया ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

जिससे पिछले दो दिनों में पार्टी छोड़ने वाले बागी विधायकों की संख्या चार हो गई है।राज्य के अंबासमुद्रम के अन्नाद्रमुक विधायक सुबैया पहले मंत्री भी रह चुके हैं और उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर से उनके कक्ष में अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## बिरला ऐतिहासिक कार्यवाहियों के 89 संकलनों का करेंगे लोकार्पण

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 28 मई को दिल्ली विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका 'विधान-चेतना' के प्रथम अंक तथा केंद्रीय विधान सभा (1924-1930) की कार्यवाहियों के 89 खंडों में प्रकाशित ऐतिहासिक संकलन का लोकार्पण करेंगे।

# यूपी में आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत

## बांदा में पारा लगातार 8वें दिन 47 डिग्री के पार, मानसून केरलम से 35 किमी दूर अटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर में दिल्ली- हिमाचल, यूपी, दक्षिण-पश्चिम में ओडिशा और तेलंगाना भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और सेंट्रल इंडिया में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के एमपी से लगा हिस्सा और छत्तीसगढ़ में गर्मी का सबसे खतरनाक दौर चल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को यूपी के बांदा और विदर्भ का ब्रह्मपुरी में सबसे ज्यादा गर्म रहे।

यहां लगातार 8वें दिन 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। छतरपुर का खजुराहो 47.2 डिग्री के साथ तीसरे नंबर पर और नौगांव 46.8 डिग्री के साथ चौथा सबसे गर्म शहर रहा। यूपी के गोंडा, लखीमपुर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में गर्मी के बीच सोमवार रात आंधी-तूफान चला। इससे जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई है। बात मानसून की करें, तो यह पिछले तीन दिन से केरलम के तट से 30-35 किमी दूर अटका है। प्री-मानसून के चलते केरलम के तटीय इलाके, तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश हो रही है।



### उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी राज्यों में कई दिन तक भीषण गर्मी व लू की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी क्षेत्र के बड़े हिस्सों में अगले कई दिनों तक भीषण से अति भीषण गर्मी और लू की स्थिति बने रहने की चेतावनी दी है। विभाग की ओर से मंगलवार सुबह जारी पूर्वानुमानों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना सहित कई राज्यों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना रहेगा। विभाग के ताजा मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पंजाब, हरियाणा- चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और विदर्भ में 26 से 29 मई के बीच गर्मी और लू की गंभीर स्थिति बनी रहने के आसार हैं।

## DRDO परिसर से चोर 50 लाख का सोना व नकदी चुराकर फरार

- चोरों ने वैज्ञानिक के आवास को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के तिमारपुर इलाके स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) परिसर में चोरी की घटना सामने आई है, जहां चोरों ने कथित तौर पर एक वैज्ञानिक के आवास का ताला तोड़कर करीब 45 से 50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, विदेशी मुद्रा और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

यह घटना डीआरडीओ परिसर स्थित राम नारायण साइंटिस्ट हॉस्टल में हुई। तिमारपुर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार चोरों ने घर के तीन ताले तोड़े और बाद में स्टील की अलमारी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे कीमती सामान लेकर फरार हो गए। शिकायतकर्ता सीमा गौतम ने बताया कि वह अपनी बेटी और पति से मिलने चंडीगढ़ गई थीं, जहां उनके पति वर्तमान में तैनात हैं। उनकी अनुपस्थिति में पड़ोसियों ने घर के टूटे हुए ताले देखे और उन्हें घटना की सूचना दी। पुलिस में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार चोर पीछे की ओर के ताले तोड़कर घर में घुसे और करीब 280 ग्राम सोने के आभूषण तथा लगभग 300 ग्राम चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

## संक्षिप्त समाचार

### एंटी-डंपिंग ड्यूटी से 28,540 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाना संभव

**नई दिल्ली।** भारत एंटी-डंपिंग शुल्क लगाकर हर साल करीब 28,540 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा बचा सकता है। सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकोनॉमी पॉलिसी रिसर्च (सी-डीईपी) और केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ स्टडीज की मंगलवार को जारी एक साझा रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसमें दावा किया गया है कि ऐसा करने से घरेलू उद्योगों में 70,000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त निवेश का रास्ता खुल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक सस्ते आयात से घरेलू उद्योगों और छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर दबाव बढ़ा है। यदि समय रहते एंटी-डंपिंग उपाय लागू किए जाते हैं, तो घरेलू उत्पादन क्षमता मजबूत होगी और स्थानीय उद्योगों को सहारा मिल सकता है। एंटी-डंपिंग ड्यूटी उन मामलों में लगाई जाती है, जब विदेशी कंपनियां किसी उत्पाद को अपने घरेलू बाजार की तुलना में कम कीमत पर दूसरे देशों में बेचती हैं। सरकार इसका इस्तेमाल घरेलू उद्योगों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए करती है।

### मादक पदार्थ तस्कर की करीब सवा करोड़ की अचल संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू- कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कठुआ जिले में एक मादक पदार्थ तस्कर की करीब सवा करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कठुआ जिले की हीरानगर तहसील के चप्पर निवासी सुदेश मेहता नाम के एक मादक पदार्थ तस्कर की अचल संपत्ति (दुकानें और ढाबे), को मादक पदार्थों के संबंधित एक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है।

# जनता का पैसा जनहित में ही लगेगा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। मुख्यमंत्री या मंत्री इसे नहीं दे रहे, केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन और प्रेरणा है।

मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लखनऊ नगर निगम में महापौर के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 413 करोड़ रुपये की 342 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। साथ ही 'स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ' पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कहा कि पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीटें भाजपा की झोली में गईं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम है कि तीन वर्ष में नगर निगम ने विकास और स्वच्छता के नए प्रतिमान स्थापित किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने और भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय लगा। सीएम ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका का परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन और लगभग 14 हजार पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वहां अब राष्ट्र प्रेरणा स्थल बन गया है। यहां डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

■ पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में लगा समय

### स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सीधे आम आदमी तक पहुंचे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय में निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक नि:शुल्क उपचार हो चुके हैं।

# यूपी में 28 से आंधी व बारिश के आसार

लखनऊ, वार्ता



■ 60 से 70 किमी की स्पीड से चलेंगी हवाएं

प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को 28 मई से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 26 और 27 मई के लिए कई जिलों में रेड वार्निंग जारी की है। हालांकि 28 मई से मौसम करवट लेगा और तेज आंधी, बारिश तथा गरज-चमक के चलते तापमान में छह से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इसके बाद 29 मई से प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। पश्चिमी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में गर्म एवं शुष्क पछुआ हवाओं के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। अगले 48 घंटों तक दिन में भीषण लू और रात में भी गर्मी बनी रहेगी। 26 और 27 मई को बांदा, आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मथुरा, हाथरस और फिरोजाबाद भी गंभीर गर्मी की चपेट में रहेंगे। कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़, इटावा, औरैया समेत कई जिलों में भी लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवा हवाओं के असर से प्रदेश में मौसम बदलना शुरू होगा। कई जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। 28 और 29 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। 29 और 30 मई को रायबरेली, लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और आसपास के जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

# कच्चे तेल की कीमतों में कमी के बावजूद नहीं मिल रही राहत

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद वह जनता को राहत नहीं दे रही है, बल्कि अपना खजाना भरने में मशगूल है।

खड़गे ने मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 26 मई 2014 को जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, उस समय भारतीय बास्केट का कच्चा तेल 108.05 डॉलर प्रति बैरल था और डॉलर-रुपया विनिमय दर 58.59 रुपये थी। तब पेट्रोल 71.51 रुपये और डीजल 56.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था। उन्होंने कहा कि आज कच्चे तेल की कीमत 99 डॉलर प्रति बैरल से कम है, लेकिन पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़कर क्रमश: 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

खड़गे ने कहा कि इस दौरान पेट्रोल करीब 42.8 प्रतिशत और डीजल करीब 67.9 प्रतिशत महंगा हो चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, खाद्य वस्तुओं और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी पड़ता है, जिससे आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ता है।

## पीक डिमांड 31,804 मेगावाट पहुंची, यूपीपीसीएल नहीं खरीद पाया बिजली

# यूपी में बिजली संकट गहराया, लोग दुखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ती खाई के चलते बिजली संकट गहरा गया है। पीक आवर में मांग पूरी करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर बिजली खरीद के लिए उपलब्ध ही नहीं है।

यूपीपीसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य बिजली निगम हर दिन शाम के पीक आवर में मांग-आपूर्ति का अंतर पाटने के लिए एक्सचेंज पर बोली लगा रहा है। लेकिन हाल के दिनों में एक यूनिट भी नहीं खरीद पाया है, क्योंकि बाजार में सरप्लस बिजली उपलब्ध ही नहीं है। अधिकारी ने कहा कि यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से



■ यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है

गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है। लेकिन इस साल सभी राज्यों में एक साथ असाधारण रूप से अधिक मांग के कारण शॉर्ट-टर्म खरीद का यह जरिया बेअसर हो गया है। रविवार रात प्रदेश की बिजली मांग इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 31,804 मेगावाट पर पहुंच गई। यह न केवल उप्र बल्कि देश में भी सबसे अधिक मांग में से एक है। तापमान अधिक रहने से आने वाले दिनों में मांग और बढ़ने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि दिन के समय सौर ऊर्जा से कुछ राहत मिल जाती है और आपूर्ति-मांग का अंतर कम हो जाता है। लेकिन बड़ी चुनौती रात में आती है, जब सौर बिजली उपलब्ध नहीं होती और मांग और बढ़ जाती है।

सूत्रों के अनुसार एक्सचेंज पर जो भी सीमित बिजली उपलब्ध हो रही है, वह सीलिग रेट 10 रुपये प्रति यूनिट पर बिक रही है। इससे मांग के भारी दबाव का पता चलता है। हर राज्य को अभी बिजली चाहिए, इसलिए एक्सचेंज पर बेचने के लिए किसी के पास सरप्लस नहीं है।

### सीएम ने दिया था बिजली खरीदने का आदोश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जितनी जरूरत हो उतनी बिजली खरीदी जाए। उन्होंने कहा कि आपूर्ति सुनिश्चित करने में वित्तीय बाधा नहीं आनी चाहिए। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अब चुनौती पैसे की नहीं, उपलब्धता की है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के साथ बैंकिंग सिस्टम के तहत द्विपक्षीय व्यवस्था एक बड़ा सहारा बनी है। इसके तहत राज्य एक-दूसरे को बिजली देते हैं और बाद में हिंसाब बराबर करते हैं। पीक डेर्फिसट 2,000 मेगावाट से अधिक होने के बावजूद अधिकारियों का दावा है कि कोई अतिरिक्त लोड शेडिग नहीं की जा रही है। लोड के पुनर्वितरण से आपूर्ति प्रबंधित की जा रही है। यूपीपीसीएल के एमडी नितीश कुमार ने कहा कि यह सच है कि एक्सचेंज पर खरीद के लिए बिजली उपलब्ध नहीं है, क्योंकि इस साल पूरा देश ऐतिहासिक मांग का सामना कर रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76009.70
निफ्टी 23913.70

सोना 158000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 266000 प्रति किलो

# प्रमुख सूचकांकों में गिरावट, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयर टूटे

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में गिरावट देखी गई और बैंकिंग तथा वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का सेंसेक्स 479.26 अंक (0.63 प्रतिशत) टूटकर 76,009.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत नीचे 23,913.70 अंक पर आ गया।

सुबह गिरावट में खुलने के बाद कुछ देर के लिए दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में गए थे, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली होने से फिर लाल निशान में चले गए। अमेरिका ने सोमवार रात ईरान पर फिर हमले किए हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। रुपये में 50 पैसे से ज्यादा की गिरावट ने भी बाजार पर दबाव बनाया। भारतीय मुद्रा फिलहाल 51 पैसे टूटकर 95.77 रुपये प्रति डॉलर पर है। वृहत बाजार में मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों



में बढ़त बरकरार रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.51 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.35 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। बैंकिंग, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी सेक्टरों में गिरावट रही, जबकि धातु और रसायन सेक्टरों के सूचकांकों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल का शेयर डेढ़ फीसदी गिर गया। ट्रेंट, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे।

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,750 रुपए कम होकर 2.66 लाख रुपए पर आ गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,135 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए हो गया है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है। मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने सोना और चांदी को बेचकर कैश इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।

# चावल, गेहूं, दालों व चीनी में नरमी

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में उठाव कम रहने से मंगलवार को अधिकतर उत्पादों के भाव टूट गए। चावल, गेहूं, दालों और चीन में नरमी रही। अधिकतर खाद्य तेलों में भी गिरावट रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 17 रुपये घटकर 3,855 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं छह रुपये टूटकर 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी तीन रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तुअर दाल औसतन 17 रुपये और उड़द दाल चार रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। चना दाल, मूंग दाल और मसूर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 24 रिगिट चढ़कर 4,497 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 प्रतिशत टूटकर 73.74 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 34 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। अन्य खाद्य तेलों में नरमी रही। वनस्पति 28 रुपये



और सूरजमुखी तेल 27 रुपये फिसल गया। सोया तेल 21 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में भी छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी भी सात रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7694.28 रुपये, मसूर काली 8127.32 रुपये, मूंग दाल 10162.17 रुपये, उड़द दाल 10842.88 रुपये, तुअर दाल 11244.50 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.03 रुपये और चावल 3855.32 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3257.14 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4327.85 रुपये और गुड़ 5036.42 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# यूपी में फर्जी एनकाउंटर कराती है बीजेपी सरकार



■ जाति देखकर चलता है बुलडोजर: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बीजेपी के बुलडोजर एक्शन से लेकर फर्जी एनकाउंटर तक के मुद्दों पर अपनी बात रखी। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में न्याय मिलना मुश्किल है। यूपी में बुलडोजर जाति देखकर चलता है, बीजेपी सरकार फर्जी एनकाउंटर कराती है।

इस दौरान अखिलेश ने हाथरस की बेटी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उसके साथ 2020 में जो हुआ, उसी तरह का लगभग 2026 में भी देखने को मिल रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सरकार हर चीज को छिपाना भी चाहती है और अपने संसाधनों की ताकत से वो जनता तक अपनी सच्चाई भी नहीं पहुंचने देना चाहती है। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि फेक एनकाउंटर को लेकर कोई पहली बार बात नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कल भी जो देखने को मिला, परिवार के लोग कहते हैं और जो खबरें आ रही है, उनसे लगता है कि फेक एनकाउंटर करने की साजिश यह सरकार लगातार करती रहती है। यूपी में मर्जी के हिसाब से फर्जी एनकाउंटर हो रहा है, यहां एनकाउंटर वर्चस्व की धाक जमाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि एक एनकाउंटर को सामान्य रूप से मुठभेड़ कहते हैं। हिंसक और आपराधिक गतिविधियों के लिए तब तक कोई जगह नहीं, जब तक कोई अपने स्वार्थ के लिए इसका दुरुपयोग ना करे। फर्जी एनकाउंटर के माध्यम से मेंटल सॉफ्टवेयर को सेट किया जाता है, लेकिन अपडेट या अपग्रेड नहीं किया जाता। एनकाउंटर से मानस में हिंसा को भरा जाता है, हत्या को जायज ठहराया जाता है और जेंडर के जमाने की उस रूढ़िवादी मानसिकता को वापस लाया जाता है ,जो कहती है कि शक्ति ही अधिकार है। अखिलेश ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर लोकतांत्रितक व्यवस्था के विरुद्ध एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है। फर्जी एनकाउंटर संविधाान में दिए गए न्याय के राज और सामाजिक न्याय के राज को सिरे से नकारता है. सरकार में लोग अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी एनकाउंटर करने वाले सरकार नहीं, गुनहगार हैं। जिस एनकाउंटर के पीछे मर्जी चले, समझो वो फर्जी है, यूपी में मर्जी के हिसाब से एनकाउंटर हो रहा है।

## एनआईए ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे न्यायिक अधिकारियों को कथित तौर पर बंधक बनाने, हिंसक विरोध प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 14 और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला एक अप्रैल को मालदा के कालियाचक-द्वितीय ब्लॉक के मोथाबारी में हुई घटना से जुड़ा है। वहां मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का विरोध कर रही एक उग्र भीड़ ने तीन महिला अधिकारियों सहित सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक कथित तौर पर बंधक बना लिया था। एनआईए की टीमों ने सोमवार देर रात मालदा के कालियाचक और मोथाबारी में कई ठिकानों पर छापेमारी कर ए गिरफ्तारियां कीं। इन गिरफ्तारियों के बाद इस घटना के सिलसिले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 68 हो गई है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जब ए न्यायिक अधिकारी मतदाता सूची के सत्यापन कार्य की निगरानी के लिए तैनात थे, तब सैकड़ों निवासी ब्लॉक विकास कार्यालय (बीडीओ) के बाहर जमा हो गए।

# किसानों की आत्महत्याएं नहीं रुकेंगी

## कीटनाशक पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर बोली क्रॉपलाइफ इंडिया कंपनी

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्र सरकार के तेलंगाना में प्रतिबंध और जहर से होने वाली मौतों पर चिंता के बाद फसल सुरक्षा उत्पादों 'पैराक्वाट डाइक्लोराइड' और 'कार्बोसल्फान' की बिक्री की समीक्षा किए जाने के बीच, क्रॉपलाइफ इंडिया ने आग्रह किया है कि कोई भी निर्णय किसानों की आत्महत्या के वास्तविक कारणों की स्पष्ट समझ और गंभीर तनाव से जूझ रहे किसानों पर इस प्रतिबंध के पड़ने वाले व्यावहारिक असर को ध्यान में रखकर ही लिया जाना चाहिए।

संगठन का कहना है कि किसी उत्पाद पर प्रतिबंध लगाने से साधन तो हट जाता है, लेकिन समस्या का मूल कारण खत्म नहीं होता। वास्तव में, किसी उत्पाद को प्रतिबंधित करने से वह संकट और गहरा सकता है, जो किसी किसान को अपनी जान लेने के लिए मजबूर करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों और साक्ष्यों से यह स्पष्ट है कि किसानों की आत्महत्या के पीछे कर्ज, फसल की बर्बादी, वैकल्पिक आजीविका का अभाव और फसल खराब होने पर ऋण चुकाने में असमर्थता जैसे निरंतर बने रहने वाले मुख्य कारण हैं। उदाहरण के लिए, 'इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन' में प्रकाशित वर्ष 2024 के एक गुणात्मक अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में किसानों की आत्महत्या के मुख्य कारण मानसिक स्वास्थ्य के बजाय आर्थिक हैं, जिसमें कर्ज और उसके कारण पैदा हुआ ऋण-जाल सबसे प्रमुख कारक है। इसी तरह 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट' के एक अन्य अध्ययन के अनुसार किसानों की आत्महत्या का सीधा संबंध वर्षा की स्थिति से है। पांच अत्यधिक प्रभावित राज्यों के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्षा में पांच प्रतिशत के बदलाव पर जहां प्रतिवर्ष औसतन 810 किसानों की आत्महत्या के मामले दर्ज किए गए, वहीं वर्षा में 25 प्रतिशत की कमी होने पर यह संख्या बढ़कर 1,188 तक पहुंचने का अनुमान है। इसी अध्ययन में पाया गया कि जिन क्षेत्रों में गारंटीकृत रोजगार और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध थी, वहां फसल खराब होने के बाद भी आत्महत्या के मामलों में कमी देखी गई। इन साक्ष्यों से साफ है कि आत्महत्या एक गहरे संकट का लक्षण है, और महत्वपूर्ण फसल सुरक्षा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से यह संकट और बढ़ सकता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सभी हितधारकों और उद्योग जगत से आग्रह किया है कि वे सरकार द्वारा आय सहायता, फसल बीमा, संस्थागत ऋण और ग्रामीण रोजगार गारंटी के माध्यम से तैयार किए गए सुरक्षा चक्र को और मजबूत करें ताकि किसानों को इस संकट से उबारा जा सके। खरीफ बुवाई के सीजन की शुरुआत को देखते हुए यह मामला बेहद संवेदनशील और जरूरी हो जाता है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने सरकार से खेतों की व्यावहारिक आवश्यकताओं पर विचार करने का अनुरोध किया है, क्योंकि किसान इस साल के लिए अपनी लागत की योजना और प्रतिबद्धता पहले ही तय कर चुके हैं। सीजन के बीच में किफायती और स्थापित खरपतवार एवं कीट नियंत्रण विकल्पों को अचानक रोकने से किसानों की लागत बढ़ेगी।

■ पैराक्वाट डाइक्लोराइड व कार्बोसल्फान की समीक्षा हो

### जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने की जनसमस्याओं की सुनवाई

# त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में जनसामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, विकास प्राधिकरण (जीडीए), नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े सभी प्रकरणों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर, पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो।



उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी प्रत्येक कार्यदिवस में प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक नियमित रूप से जनसुनवाई सुनिश्चित करें तथा प्राप्त शिकायतों का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी जूम प्लेटफॉर्म के माध्यम से निर्धारित जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, जिससे शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जिससे उपस्थित नागरिकों में संतोष का भाव देखा गया। शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई व्यवस्था का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करते हुए प्रशासनिक प्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जनहितकारी बनाना है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंजली गंगवार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी: नगरायुक्त

**गाजियाबाद।** संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा समस्याओं को सुनकर समाधान के लिए निर्देश दिए। संभव के दौरान19 संदर्भ प्राप्त हुए जिनमें निर्माण विभाग के 10, स्वास्थ्य विभाग के तीन, जलकल विभाग की चार, पार्किंग संबंधित एक और प्रकाश विभाग से संबंधित एक संदर्भ प्राप्त हुआ। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त जलकल संबंधित संदर्भों पर नगर आयुक्त ने महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए मौके पर टीम भेज कर कार्यवाही कराई गई। वहीं, विजयनगर जोन और सिटी जोन से नलकूप मरम्मत तथा मोटर की मरम्मत को लेकर पेयजल की समस्याएं सामने आई जिन्हें संबंधित अवर अभियंता तथा अधिशासी अभियंता जल को बताकर निस्तारित कराया गया। नगरायुक्त ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में जलकल विभाग की टीम स्वयं निरीक्षण करते हुए पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति नगर निगम की प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, हर घर को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान के रूप में कार्य किया जाए। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, डॉ. अनुज प्रभारी उद्यान, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, एसपी मिश्रा निर्माण विभाग से उपस्थित रहे।

### एचएलएम लीग ऑफ इमर्जिंग प्लेयर में

## PHOENIX CRICKET CLUB ने शानदार प्रदर्शन करते हुए Ambika Amsterdam Cricket Club को 4 विकेट से हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** HLM 14TH LEAGUE OF EMERGING PLAYERS में खेले गए रोमांचक मुकाबले में PHOENIX CRICKET CLUB ने शानदार प्रदर्शन करते हुए Ambika Amsterdam Cricket Club को 4 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। यह मुकाबला HLM College Ground में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अंबिका एम्स्टर्डम क्रिकेट क्लब की टीम ने 39.4 ओवर में 245 रन बनाए। टीम की ओर से वंश वीरभान ने शानदार 50 रन तथा अभिमन्यु सिंह यादव ने 47 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। देव कुमार ने भी 38 रन का योगदान दिया। फीनिक्स क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी में अभ्युदय और शौर्य ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि हर्षित भारद्वाज ने 2 विकेट लिए।




246 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फीनिक्स क्रिकेट क्लब की शुरुआत भले ही धीमी रही, लेकिन आकाश ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 82 गेंदों में 114 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। कप्तान शौर्य ने मात्र 14 गेंदों में 47 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। फीनिक्स क्रिकेट क्लब ने 26.4 ओवर में 249 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार शतक लगाने वाले आकाश को "मैन ऑफ द मैच" चुना गया।

## अश्लील छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**चांदपुर।** एक महिला द्वारा 06 मई को तहरीर देते हुए कहा गया कि ग्राम तांगरोला निवासी खुर्शीद पुत्र पालू खान पीड़िता के फोन पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर उसे लगातार परेशान कर रहा है और कहता है कि उक्त संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी देता है। इस संबंध मे थाना चांदपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 175/26 धारा 79 351 (2) बीएनएस दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्यो के आधार पर धारा 69 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। 25 मई को चांदपुर पुलिस ने आरोपी खुर्शीद पुत्र पालू खा निवासी ग्राम तगरोला को गिरफ्तार कर लिया गया।

# दिव्या पावर सोलर एनर्जी में दिव्यांगजनों को मिलेगा रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अंशुल चौहान जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजनों के लिए रोजगार का विशेष अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजियाबाद स्थित "दिव्या पावर सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड" कंपनी द्वारा दिव्यांगजनों को रोजगार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कंपनी सोलर पावर एवं छतों पर सोलर प्लेट लगाने का कार्य करती है तथा प्रधानमंत्री सोलर योजना के प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय रूप से कार्यरत है। कंपनी द्वारा लगभग 30 दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।



जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि प्राप्त रिज्यूम के आधार पर दिव्यांगजनों को कॉल करके बुलाया जाएगा तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

## राहगीरों को पिलाया शरबत

**धामपुर।** भीषण गर्मी के बीच ब्लॉक परिसर के मुख्य द्वार पर राहगीरों और ब्लॉक में आने वाले लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ठंडे शरबत का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण कर राहत महसूस की। कार्यक्रम का उद्देश्य तेज गर्मी और तपती धूप में आने-जाने वाले लोगों को राहत पहुंचाना रहा। ब्लॉक मुख्य द्वार पर लगाए गए शरबत वितरण केंद्र पर राहगीरों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों को ठंडा शरबत पिलाया गया। इस दौरान लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसेवा का सराहनीय कार्य बताया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### सीकरी खुर्द के किसान ने प्रॉपर्टी डीलर द्वारा

# प्लॉट कब्जाने की आशंका की पुलिस से की शिकायत

**मोदीनगर।** ग्राम सीकरी खुर्द के एक किसान ने अपने खरीदे हुए प्लाट (दीवार सहित) को क्षेत्र के एक प्रॉपर्टी डीलर द्वारा कब्जाने की आशंका से मोदीनगर पुलिस को डीलर के खिलाफ शिकायत देकर प्लाट व स्वयं की सुरक्षा की मांग की है!

ग्राम सीकरी खुर्द निवासी किसान देवदत्त पुत्र गंगादास ने मोदीनगर थाने में दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उन्होंने गत दिसंबर माह में सीकरी खुर्द के खसरा नंबर 833 (जिसमे की संजीवनी एस्टेट कॉलोनी बनी हुई है) में एक प्लाट मय दीवार के खरीदा था जिसपर उनका कब्जा है।

लेकिन क्षेत्र के एक प्रॉपर्टी डीलर ने उस प्लाट से लगी हुई खसरा नंबर 839 व 841 में जमीन खरीदी है,जिसकी बॉउंड्री वाल उनके प्लॉट में ही आती है,उन्हें ज्ञात हुआ है कि वह प्रॉपर्टी डीलर उनके प्लाट (दीवार सहित) को कब्जा कर संजीवनी एस्टेट कॉलोनी से अपनी इस खरीदी हुई जमीन में प्लॉटिंग करने के लिए रास्ता बनाना चाहता है।

इसलिए उनके प्लॉट को कब्जाने का प्रयास कर सकता है,चूंकि डीलर दबंग टाइप का व्यक्ति है अत: उससे मेरी जान व प्लाट को खतरा हो सकता है अत: मेरी शिकायत पर कार्यवाही कर मेरी व मेरे प्लाट की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये!

### कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा के डिजिटल मूल्यांकन में गड़बड़ी पर

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

- **विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन कराए सरकार: आईपीए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि देशभर से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अभिभावकों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कई मेधावी विद्यार्थियों को अपेक्षा से बेहद कम अंक दिए गए हैं।



इससे विद्यार्थियों में मानसिक तनाव, अवसाद और भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने मांग की है कि डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराई जाए, पारदर्शी पुनर्मूल्यांकन व्यवस्था लागू की जाए, उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल बनाई जाए तथा तकनीकी एवं मानवीय त्रुटियों के लिए जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

एसोसिएशन ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी का भविष्य तकनीकी गड़बड़ी या प्रशासनिक लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास बनाए रखने के लिए सरकार को तत्काल प्रभाव से निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए।

# रेडियोलॉजीस्ट्स की वार्षिक गोष्ठी में डॉ. प्राची सिंघल को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश के रेडियोलॉजिस्ट्स की वार्षिक गोष्ठी "जी एस बाथला मिड-टर्म सी.एम.ई. " इस वर्ष मेरठ में बीते शनिवार-रविवार (२३-२४ मई) को सम्पन्न हुई। इस गोष्ठी में प्रदेश के नामी रेडियोलॉजिस्ट्स सम्मिलित हुए। मोदीनगर से प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची सिंहल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। उन्होंने "अर्ली फीटल इको" जो गर्भावस्था के तीसरे महीने में भ्रूण के हृदय की जाँच होती है उस विषय पर अपने केसेस प्रस्तुत किए। गर्भ के तीसरे माह में भ्रूण के हृदय का आकार 1 सेंटीमीटर से कम होता है। जिसकी अल्ट्रासाउंड से जांच व उसमे मौजूद किसी विकृति का पता लगाना एक मुश्किल टेस्ट है और डॉ प्राची ने इसमें दक्षता प्राप्त की है। उनके द्वारा डायग्नोज किए गए कठिन केसस को सीएमई में बहुत सराहा गया और उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर के सम्मानित किया गया। डॉ प्राची सिंहल पूर्व में भी अपने व्याख्यानों के माध्यम से प्रदेश में चर्चित रहीं हैं व उनके कार्य को सतत मान सम्मान और पहचान मिल रही है।



## पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश राह चलते लोगों से छीनता था कीमती मोबाइल

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम पुलिस ने चेंकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में 1 चोरी व छिनैती की वारदात को अंजाम देने को आरोपी को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी देते हुए एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्वत ने बताया कि थाना पुलिस स्नैचिंग व चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात में नोर्थ इंडिया मॉल के पीछे नोएडा जाने वाले रास्ते पर चौंकिंग कर रही थी, तभी नोएडा से गलत दिशा से एक बिना नम्बर प्लेट लगी मोटर साइकिल पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकाने को कहा तो वह नोएडा की तरफ जाने वाले रोड पर भागने लगा। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई और उन्होंने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। इसके बाद पुलिस टीम ने अपनी सरकारी पिस्टल से बदमाश की तरफ एक-एक राउण्ड फायर किया। फायरिंग में एक गोली बदमाश इरशाद उर्फ मिच्चू पुत्र इदरीश निवासी प्रेमनगर के पैर में लग गई। इसके बाद उसे घायलवस्था में गिरफ्तार कर उपचार के लिए भेज दिया गया। उसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिन्दा कारतूस, चोरी किये हुए 2 आईफोन और घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल भी बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में इरशाद ने गाजियाबादकृ, नोएडा में राह चलते लोगों के साथ छिनैती की वारदातों को अंजाम देना कुबूल किया है।

## कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा के डिजिटल मूल्यांकन में गड़बड़ी पर आईपीए का बड़ा सवाल उच्चस्तरीय जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि देशभर से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अभिभावकों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कई मेधावी विद्यार्थियों को अपेक्षा से बेहद कम अंक दिए गए हैं। इससे विद्यार्थियों में मानसिक तनाव, अवसाद और भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने मांग की है कि डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराई जाए, पारदर्शी पुनर्मूल्यांकन व्यवस्था लागू की जाए, उत्तरपुस्तिका प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल बनाई जाए तथा तकनीकी एवं मानवीय त्रुटियों के लिए जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाए। एसोसिएशन ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी का भविष्य तकनीकी गड़बड़ी या प्रशासनिक लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए।



## आरओबी निर्माण में सुधार की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के नूरपुर मार्ग पर निर्माणाधीन आरओबी संख्या-446 को लेकर क्षेत्र में जनहित से जुड़ी चर्चाएं तेज हो गई हैं। क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते पुल की संरचना में आवश्यक सुधार कर दिए जाएं, तो भविष्य में बढ़ते यातायात दबाव और समस्याओं से बचा जा सकता है। लोगों ने आरओबी की चौड़ाई और लंबाई बढ़ाने, दीवारों की ऊंचाई कम करने तथा छोटे वाहनों के लिए अलग अंडरपास बनाए जाने की जरूरत बताई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है। आसपास स्थित शुगर मिल और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के कारण दिनभर ट्रकों और बड़े वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में केवल दो लेन का आरओबी आने वाले समय में यातायात दबाव को संभालने में पर्याप्त साबित नहीं होगा। लोगों का मानना है कि पुल को कम से कम चार लेन चौड़ाई के हिसाब से तैयार किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में जाम जैसी समस्याओं से राहत मिल सके और यातायात सुचारु बना रहे क्षेत्र के लोगों ने यह भी कहा कि आरओबी की वर्तमान लंबाई आसपास के रिहायशी क्षेत्रों और संपर्क मार्गों को प्रभावित कर सकती है। उनका सुझाव है कि पुल का विस्तार दोनों दिशाओं में बढ़ाया जाए, जिससे स्थानीय कॉलोनियों और बाजार क्षेत्र की कनेक्टिविटी बनी रहे तथा लोगों को अनावश्यक लंबा रास्ता तय न करना पड़े।

### कमिश्नरेट में ट्रैफिक व्यवस्था को मिल रही मजबूती

# एडीसीपी ने किया सब जोन कार्यालय का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़ कमिश्नरेट की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने लिए प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं। इसी उद्देश्य ने उन्होंने संपूर्ण यातायात प्रबंधन को 3 जोन एवं 9 सब-जोन में बांटा है। जहां जोन स्तर पर एसीपी (यातायात) और सब-जोन स्तर पर यातायात निरीक्षक को नियुक्त किए गए हैं।

इसी क्रम में त्वरित यातायात प्रबंधन, बेहतर पर्यवेक्षण, और जनता को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कमिश्नर ने सभी यातायात निरीक्षकों के लिए कार्यालय निर्माण/पोर्टा केबिन सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सब्लिटी) के माध्यम से स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए थे।



मंगलवार को एसीपी यातायात जोन-3 और यातायात निरीक्षक-7 द्वारा सतत प्रयास कर टाटा स्टील प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सीएसआर के माध्यम से सप्तम सब-जोन के यातायात निरीक्षक कार्यालय के लिए पुलिस लाइन गेट नंबर 1 के पास एक सुसज्जित पोर्टा केबिन का निर्माण कराया गया जिसका एडीसीपी राज करण नैय्यर ने उद्घाटन किया।

साथ ही उन्होंने यातायात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे तत्परता एवं प्रभावशीलता के साथ यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए प्रयासों को गति दें।

इस दौरान एडीसीपी ने शहर एवं देहात क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे, हाईवे तथा अन्य संवेदनशील एवं व्यस्त यातायात स्थलों पर तैनात यातायात कर्मियों को 10 एसी हेलमेट भी वितरित किए।

# राशन कार्ड बनाने की वार्षिक आय सीमा बढ़ाकर 2.5 लाख की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई जनकल्याणकारी कदम उठाए गए हैं।

इसी क्रम में एक और बड़ा निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय राजधानी में खाद्य सुरक्षा के दायरे का विस्तार करने के उद्देश्य से दिल्ली कैबिनेट ने मंगलवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन कार्ड की वार्षिक आय पात्रता सीमा को 1.2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख रूपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से दिल्ली के ऐसे लाखों परिवारों को बड़ी राहत और लाभ मिलने की उम्मीद है, जो पहले कम आय सीमा के कारण इस योजना के लाभ से वंचित रह जाते थे।

दिल्ली कैबिनेट का यह निर्णय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा दिल्ली में राशन कार्ड पात्रता की आय सीमा बढ़ाने के संबंध मे की गई घोषणा के बाद लिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस जनकल्याणकारी योजना में आय पात्रता सीमा पहले ঘ1 लाख थी, जिसे बढ़ाकर 1.2 लाख किया गया और अब इसे बढ़ाकर 2.5 रूपये लाख कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक कम आय वर्ग के परिवारों को इसका लाभ मिल सके। कैबिनेट के इस निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, "पहले, राशन कार्ड के लिए आय की पात्रता बहुत कम थी। वर्तमान में 1 लाख की वार्षिक आय एक परिवार के लिए न्यूनतम मजदूरी के स्तर से भी कम है। इसे ध्यान में रखते हुए, रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने आय की सीमा बढ़ाकर 2.5 लाख रूपये कर दी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र परिवार च्वै प्रणाली के तहत किफायती राशन का लाभ उठा सकें।"मंत्री ने कहा, "कि दिल्ली सरकार सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) आधारित राशन वितरण प्रणाली लागू करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत भविष्य में राशन हेतु वित्तीय सहायता सीधे लाभार्थियों के खातों में जमा की जाएगी, जिससे वे डिजिटल मुद्रा के माध्यम से आवश्यकता अनुसार सरकारी राशन की दुकानों से राशन प्राप्त कर सकेंगे। इससे प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और अनियमितता समाप्त होगा।" मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित सीबीडीएसी आधारित मॉडल को चरणबद्ध तरीके से राशन दुकानों पर लागू किया जाएगा तथा भविष्य में इसे बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

## जिमखाना क्लब मामले में आठ हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली जिमखाना क्लब के सदस्यों ने केंद्र सरकार के उस आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें क्लब को 5 जून तक परिसर खाली कर जमीन सरकार को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। मामले को लेकर सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति अवनीश झिंगान की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई की मांग की। याचिका पर हाईकोर्ट में आज सुनवाई हो रही है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी याचिककर्ता विजय खुराना की तरफ पेश हुए वहीं, सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता केंद्र सरकार का पक्ष रखा। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को सुना गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने केंद्र को आठ हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सरकार दिल्ली जिमखाना क्लब की जगह पर जबरदस्ती कब्जा नहीं करेगी। अगर क्लब 5 जून तक जमीन खाली नहीं करता है, तो वह कानून के तहत सही प्रक्रिया का पालन करेगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, श्एेसा नहीं होगा कि पुलिस तुरंत अंदर घुस जाएगी और जबरदस्ती कब्जा कर लेगी। सार्वजनिक जगहों से बेदखली के संबंध में कानून के तहत जो प्रक्रिया तय है, उसी का पालन किया जाएगा। केंद्र सरकार ने लुटियंस दिल्ली स्थित ऐतिहासिक जिमखाना क्लब को 27.3 एकड़ भूमि निर्धारित समय सीमा के भीतर खाली करने का आदेश दिया है।

## बीस हजार रुपये लेते हेड कांस्टेबल पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कमला मार्किट थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अंकुश धामा ने पीडिघ्त को जेल न भेजने की एवज में एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। रिश्वत की बीस हजार रुपये की रकम लेते हुए उसे विजिलेंस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस यूनिट से संपर्क किया और आरोप लगाया कि कमला मार्केट पुलिस स्टेशन के हेड कांस्टेबल अंकुश धामा ने उससे रिश्वत की मांग की थी। असल में उसके और उसके एक रिश्तेदार के बीच कहा-सुनी हो गई थी। दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने के लिए कमला मार्केट पुलिस स्टेशन में हेड कांस्टेबल अंकुश धामा के पास गए। हेड कांस्टेबल अंकुश धामा ने लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में दोनों पक्षों का मेडिकल चेकअप करवाया। बाद में, एक जान-पहचान वाले की मध्यस्थता से, दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया। दोनों पक्षों के बीच मामला आपसी सहमति से सुलझ जाने के बावजूद, हेड कांस्टेबल अंकुश धामा ने उसको जेल भेजने की धमकी दी और शुरू में जेल न भेजने के बदले डेढ लाख रुपये की मांग की। बातचीत के बाद यह रकम घटाकर 1 लाख रुपये तय हुई। उसने उसी दिन 50 हजार रुपये और बाद में 20 हजार रुपये और दिए।

## मेट्रो के दस स्टेशनों पर लगेंगे पुराने कपड़ों के कलेक्शन बॉक्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की प्रेरणा से दिल्ली में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में नई पहल शुरू की जा रही है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम राजधानी के 10 प्रमुख मेट्रो स्टेशनों पर पुराने कपड़ों के संग्रह के लिए विशेष कलेक्शन बॉक्स स्थापित करेगा, जहां लोग अपने अनुपयोगी कपड़े जमा करा सकेंगे। इन कपड़ों को रिसाइकल कर उपयोगी उत्पादों में बदला जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार राजधानी के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। कपड़ा अपशिष्ट तेजी से बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों में शामिल है और इस पहल के माध्यम से पुराने कपड़ों का वैज्ञानिक तरीके से रिसाइकल सुनिश्चित की जाएगी। इससे न केवल कचरे में कमी आएगी, बल्कि सतत विकास को भी मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री के अनुसार डीएम आरसी ने जिन 10 मेट्रो स्टेशनों को इस पहल के लिए चिह्नित किया है, उनमें शाहदरा (रेड लाइन), मोहन एस्टेट (वायलेट लाइन), रोहिणी वेस्ट (रेड लाइन), लाजपत नगर (वायलेट व पिंक लाइन), मालवीय नगर (येलो लाइन), शालीमार बाग (पिंक लाइन) स्टेशन आदि शामिल हैं।



राष्ट्रीय राजधानी में खाद्य सुरक्षा के दायरे का विस्तार करने के उद्देश्य से दिल्ली कैबिनेट ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड की वार्षिक आय पात्रता सीमा को १.२ लाख से बढ़ाकर २.५ लाख रूपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

## विजय विहार में मकान में लगी आग 23 को सुरक्षित निकाला गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के विजय विहार फेज-2 इलाके में मंगलवार सुबह एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भयावह थी कि घर से उठती ऊंची लपटें और काला धुआं दूर तक दिखाई देने लगा।

आग के दौरान बिजली की तारों से लगातार चिंगारियां निकलती रहीं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। राहत की बात यह रही कि दमकल विभाग की मुस्तैदी से 23 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि दो लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार सुबह करीब 7:06 बजे रोहिणी के विजय विहार फेज-2 स्थित गली नंबर-5, श्मशान घाट रोड के पास एक चार मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग छह गाड़ियों को मौके पर भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग लगने के बाद बिजली के मीटरों और तारों से लगातार चिंगा. रियां निकल रही थीं। देखते ही देखते आग ने ग्राउंड फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की वजह से बिल्डिंग में रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए बाहर निकलने लगे। सुबह 7:35 बजे दमकल विभाग ने आग को नियंत्रण में होने की जानकारी दी। इसके बाद करीब 8 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

दमकल विभाग की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक आग ग्राउंड फ्लोर पर लगे 18 बिजली मीटरों में लगी थी। आग की चपेट में आने से तीन स्कूटी, दो मोटरसाइकिल और एक साइकिल भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई।

## बकरीद मनाने वाले छात्रों को डीयू से मिली राहत

**नई दिल्ली।** दिल्लीविवि ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि बकरीद (ईद-उल-जुहा) के दिन परीक्षा आयोजित करने के खिलाफ दायर याचिका पर वह छात्रों के धार्मिक अधिकारों का पूरा सम्मान करेगा। जो छात्र बकरीद मनाना चाहते हैं, वे विधि संकाय के डीन को सूचित कर सकते हैं। उनकी परीक्षा चार जुलाई के बाद दोबारा आयोजित की जाएगी। अदालत ने डीयू के इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिका का निपटारा कर दिया। याचिका में मुख्य तर्क दिया गया था कि 28 मई को सार्वजनिक छुट्टी वाले दिन परीक्षा आयोजित करना मुस्लिम छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

## 50 हजार का इनामी भगोड़ा सूरत से दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज टीम ने 13 साल पुराने ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 50 हजार रुपये के इनामी घोषित अपराधी को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिम्मत सिंह लोढ़ा उर्फ कपिल वर्मा उर्फ कैलाश जैन के रूप में हुई है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और फर्जी पहचान के जरिए दवा कंपनियों को करीब 98 लाख रुपये का चूना लगाने का आरोप है। मामला वर्ष 2013 का है। पंजाबी बाग थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार आरोपी ने खुद को केम्पको फार्माकेम और एचएम एंटरप्राइ जेज का मालिक बताकर एक फार्मा कंपनी से 550 किलो ग्लिक्लाजाइड नामक दवा का कच्चा माल मंगवाया था। इसकी कीमत 26 लाख रुपये से अधिक थी। भुगतान के लिए आरोपी ने पोस्ट डेटेड चेक दिए, लेकिन बाद में वे अकाउंट क्लोज्ड टिप्पणी के साथ बाउंस हो गए।

इसके बाद आरोपी अपना दफ्तर और किराए का मकान खाली कर फरार हो गया। जांच के दौरान अदालत ने वर्ष 2016 में उसे घोषित अपराधी करार दिया था। उसकी गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस आयुक्त द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। क्राइम ब्रांच को लंबे समय से फरार और इनामी अपराधियों की तलाश का जिम्मा दिया गया था। इसी दौरान पुराने मामलों की समीक्षा में आरोपी की जानकारी दोबारा सामने आई। पुलिस टीम ने करीब एक महीने तक तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र के जरिए मुंबई, अहमदाबाद और सूरत में उसकी गतिविधियों पर नजर रखी।

इंस्पेक्टर विनय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गुजरात के सूरत स्थित अक्षर टाउनशिप इलाके में लगातार निगरानी की और 24 मई 2026 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी रानी बाग थाने में दर्ज एक अन्य धोखाधड़ी के मामले में भी घोषित अपराधी था। उस मामले में उसने कैलाश जैन नाम का इस्तेमाल करते हुए एचएम एंटरप्राइजेज के नाम से एक दवा कंपनी से करीब 72 लाख रुपये मूल्य का 2575 किलो एम्ब्रोक्सोल एचसीएल कच्चा माल हासिल किया था। माल लेने के बाद उसने कंपनी बंद कर दी, किराए का दफ्तर खाली किया और फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार नाम, पहचान और ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बचता रहा। वह वर्तमान में सूरत और मुंबई में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहा था। डीसीपी क्राइम ब्रांच-1 संजीव कुमार यादव ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी से पंजाबी बाग और रानी बाग के पुराने आर्थिक अपराध मामलों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पुलिस अब उससे जुड़े अन्य मामलों और नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## इस्लाम में कुर्बानी का कोई विकल्प नहीं: अरशद मदनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईदुल अजहा के अवसर पर भारतीय मुसलमानों के नाम अपने एक संदेश में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि इस्लाम में कुर्बानी का कोई विकल्प नहीं है।

यह एक धार्मिक कर्तव्य है, जिसका पालन करना हर क्षमता रखने वाले मुसलमान पर अनिवार्य है, इस लिए जिस व्यक्ति पर कुर्बानी अनिवार्य है उसे हर हाल में इस कर्तव्य को निभाना है। उन्होंने कहा कि पर्तमान परिस्थितयों को देखते हुए आवश्यक है कि मुसलमान स्वयं सावधानी से काम लें। प्रचार विशेष रूप से सोशल मीडिया पर कुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें आदि शेयर न करें। मौलाना मदनी ने यह भी सुझाव दिया कि मुसलमान कुर्बानी करते समय सरकारी आदेशों का पूर्णत: पालन करें। प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी से बचें और चूंकि मजहब में इसके बदले काले जानवर की कुर्बानी जायज है, इसलिए किसी भी उपद्रव से बचने के लिए इसी को पर्याप्त समझा जाना बेहतर है। उन्होंने देश के मुसलमानों को ईदुल अजहा के अवसर पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का सुझाव देते हुए कहा कि जानवरों के अवशेषों को सड़कों, गलियों और नालों में न डालें।

## बिजली व्यवस्था को ठीक करने में जुटी सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बताया की दिल्ली में पिछले साल गर्मी के समय में पॉवर कट लग रहे थे। उस समय दिल्ली सरकार व्यवस्था को ठीक करने में लगी थी। इस वजह से बढ़ती गर्मी के बीच भी दिल्ली में इस साल बिजली कटौती की घटना नहीं है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया की दिल्ली सरकार ने दिल्ली में पॉवर मास्टर प्लान बनाकर वितरण व्यवस्था को बेहतर किया है। जिसके चलते बीते वर्ष 22 जून को जो पीक (8600 मेगावाट) दर्ज किया गया था, उतनी माँग मई महीने में ही पूरी की जा चुकी है।

## ईद-उल-जुहा के अवसर पर समन्वय बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईद-उल-जुहा के अवसर पर, उत्तर-पूर्वी जिले,में मस्जिदों/ईदगाहों के इमामों, नागरिक भाईचारा समिति, अमन समिति, नगर निगम अधिकारियों और अन्य हितधारकों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता संयुक्त पुलिस आयुक्त पूर्वी रेंज अजीत कुमार सिंगला ने की। बैठक में उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल,और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भी उपस्थित थे।बैठक के दौरान, नागरिकों को त्योहार के पालन संबंधी सरकारी दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया। उन्हें सलाह दी गई कि




कुर्बानी केवल निर्धारित/अनुमत स्थानों पर ही अदा की जाए, खुले में नहीं, और अपने-अपने क्षेत्रों में कचरे का उचित और समय पर निपटान सुनिश्चित करें तथा स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखें। उपस्थित सभी लोगों से नि: संधि के वीडियो या तस्वीरें बनाने या प्रसारित करने से बचने और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, उत्तेजक या भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने से परहेज करने का अनुरोध किया गया, जिससे सांप्रदायिक सद्भाव भंग हो सकता है। हितधारकों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे किसी भी अफवाह या उकसावे की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें और अपुष्ट जानकारी पर प्रतिक्रिया न दें।

## पार्टी में चली गोली बीबीए के छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बेगमपुर इलाके में दोस्तों के साथ पार्टी के दौरान गोली लगने से 21 वर्षीय बीबीए छात्र राजा सिंह की मौत हो गई। घायल अवस्था में दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां सोमवार तड़के इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुता. बिक, राजा परिवार के साथ बेग. मपुर में रहता था। वह एक निजी कंपनी में काम करने के साथ एसओएल से बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। रविवार शाम जैन नगर स्थित एक दोस्त के घर पार्टी के दौरान यह घटना हुई। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अस्पताल में वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दर्ज बयान में राजा ने कहा कि दोस्तों को पिस्टल दिखाने और उसे साफ करने के दौरान अचानक गोली चल गई। गोली उसके पेट से होते हुए लिवर में जा लगी। मौके से पुलिस को .32 बोर की पिस्टल मिली। शुरुआती जांच में दोस्तों ने बताया कि पिस्टल राजा की थी। उसके घर से हथियार के कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं, जिससे पुलिस अवैध हथियार होने की आशंका जता रही है।

## दिव्यांग सिक्योरिटी गार्ड को एसयूवी से कुचलकर मारा, आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार थाने स्थित पीरागढ़ी गांव में पीरागढ़ी में 60 साल के सिक्योरिटी गार्ड विजेंद्र की हत्या का मामला दिल्ली पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर आरोपियों को दबोच लिया है।

पुलिस ने दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पहचान से बचने के लिए आरोपियों ने गाड़ी की नंबर प्लेट हटा दी थी। पुलिस की नजर से बचने के लिए फास्टैग भी हटा दिया गया था। गुमराह करने के लिए विजेंद्र की हत्या को कथित तौर पर सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई थी। पीरागढ़ी गांव में रविवार सुबह टेंपो स्टैंड में चौकीदारी करने वाले 60 साल के दिव्यांग व्यक्ति की एसयूवी से कुचलकर हत्या कर दी गई थी।

मृतक की शिनाख्त 60 साल के पीरागढ़ी गांव निवासी बिजेंद्र के रूप में हुई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि रविवार तड़के करीब 4.03 बजे पश्चिम विहार पश्चिम में पीरागढ़ी के टेंपो स्टैंड पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति के घायल होने की जानक. ारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को विजेंद्र अचेत अवस्था में मिले। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक पीरागढ़ी स्थित टेंपो स्टैंड पर चौकीदार के रूप में काम करते थे। मौके पर गाड़ी के फिसलने के निशान मिले, जिससे पुलिस से किसी वाहन के चपेट में आने से उनकी मौत की आशंका जताई। पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की।

## दिल्ली रेस क्लब को खाली करने के आदेश पर लगी रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने दिल्ली रेस क्लब को खाली करने के आदेश को हटा दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार को किसी भी सार्वजनिक परिसर में अनाधिकृत रुप से रहने वाले को खाली कराने का वैधानिक अधिकार है।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश एएसजी चेतन शर्मा ने कहा कि कारण बताओ नोटिस के खिलाफ दिल्ली रेस क्लब की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली रेस क्लब को सार्वजनिक परिसर कानून की धारा 4 के तहत अपनी आपत्ति संपदा अधिकारी के समक्ष दर्ज करानी चाहिए।

डिवीजन बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार को किसी भी सार्वजनिक परिसर से किसी अनाधिकृत कब्जे को हटाने के लिए धारा 4 के तहत संपदा अधिकारी के जरिये कार्रवाई का अधिकार है। संपदा अधिकारी की कार्रवाई पर रोक एक तरह से फैसला करने जैसा है। डिवीजन बेंच ने कहा कि दिल्ली रेस क्लब को 1926 में 84.484 एकड़ भूमि लीज पर दी गई थी। ये लीज 31 दिसंबर 1994 को समाप्त हो गई है।

## राशनकार्ड की आय सीमा बढ़ाकर लोकसेवा की एक और आकांक्षा पूरी की: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज 26 मई को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा सुशासन के 12 वर्ष पूरे होने पर उन्हे बधाई देते हुए कहा है की 26 मई 2014 का दिन भारत में केवल सत्ता परिवर्तन के दिन की तरह नही सेवा सुशासन स्थापना दिवस के रूप में याद किया जायेगा।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने राजपथ को कर्तव्यपथ एवं राजभवन को लोकभवन में परिवर्तित करके, केन्द्र सरकार के भवन परिसर को कर्तव्य भवन नामित करके नये सेवा आयम तय किये तो वहीं कोविड़काल एवं पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने तक और कश्मीर में धारा 370 खत्म करके एवं अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण करवा कर हर भारतीय की ना सिर्फ इच्छा पूर्ति की है बल्कि सभी को राष्ट्र सेवा को प्रेरित भी किया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की सफलता है की उनके सेवा के 11वें वर्ष 2025 में दिल्ली को 11 साल की आराजक एवं भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल सरकार से मुक्ति मिली तो 12वें वर्ष 2026 में बंगाल को भी सुश्री ममता बनर्जी के मुस्लिम परसत भ्रष्ट कुशासन से मुक्ति मिली और अब दोनों जगह भाजपा का सुशासन है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की आज प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने के दिन दिल्ली में राशनकार्ड की आय सीमा 2.5 लाख रूपए करके दिल्ली सरकार ने लोकसेवा की एक और आकांक्षा पूरी की है। गत सप्ताह दिल्ली में 2.5 लाख नये राशनकार्ड बनाने का काम शुरू हुआ था और आज राशनकार्ड की आय सीमा 1 लाख 20 हजार प्रति वर्ष से बढ़ाकर सीधा 2.50 लाख रूपए प्रति वर्ष करके दिल्ली की भाजपा सरकार ने लोक सेवा की नई मिसाल बनाई है।

## करंट लगने से नाबालिग समेत दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी और शाहबाद डेयरी इलाके में करंट लगने से नाबालिग समेत दो की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। जानक. ारी के मुताबिक सुल्तानपुरी इलाके मछली मार्किट स्थित शमशाद मीट शॉप पर काम करने वाले 25 साल के शोएब के युवक की मौत हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई। बताया गया कि हादसे के वक्त दुकान पर काम कर रहा था। बिजली के बोर्ड का तार छिला हुआ था। काम करते समय अचानक वह करंट की चपेट में आ गया।

## नर्मदा जिला पंचायत की जीत बदलाव का संकेत: केजरीवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुजरात में हाल में हुए नर्मदा जिला पंचायत चुनाव में पार्टी की जीत, सरकार में बदलाव के लिए लोगों की उत्सुकता को दर्शाती है। आदिवासी बहुल नर्मदा जिले के रापिपला में सोमवार को एक रोडशो के दौरान केजरीवाल ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को जनता का समर्थन हासिल है। पिछले माह हुए स्थानीय निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने पहली बार गुजरात में नर्मदा जिला पंचायत और 12 तालुका पंचायतें जीतीं।

केजरीवाल ने कहा, ''पिछले 75 वर्षों से, चाहे राज्य स्तर पर हो या जिला स्तर पर, गुजरात में केवल कांग्रेस या भारतीय जनता पार्टी ने ही सरकारें बनाई हैं। लोग कहते थे कि यहां किसी तीसरी पार्टी की कोई जगह नहीं है। लेकिन पहली बार, गुजरात की जनता ने आम आदमी पार्टी को सत्ता में चुना है।'' इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के विधायक चौतर वसावा, नवनिर्वाचित नर्मदा जिला अध्यक्ष अंजना वसावा और उपाध्यक्ष संगीता तड़वी मौजूद थीं।

# बस पता पूछा, फिर बीयर की बोतल व बेट से पीटकर नाबालिग को किया अधमरा

- हाथ पैर में फ्रैक्चर शरीर पर भी कई गंभीर चोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में एक नाबालिग को बस उसका पता पूछने के बाद ही पीट पीटकर अधमरा कर दिया। उसके हाथ और पैर में फ्रेक्चर आ गया। परिवार का आरोप है कि जिन्होंने पीटा है,वो इलाके के बदमाश है,जिनसे सभी डरा करते हैं। पुलिस ने भी उनके बेटे की हालत को देखकर गंभीरता नहीं दिखाई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जीशान (15)के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ ब्लॉक इलाके में रहता है। रात को बिरयानी लेने अकेला गया था। तभी बेटे जीशान को लेकर एक लडका चला गया था। जब बेटा घर पर आया। वो अधमरी हालत में था। उसको तुरंत नरेला के सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल में ले गई थी। जहां डॉक्टरों ने उसके हाथ पैर में फैक्चर बताया। जीशान की मां रुबीना ने बताया कि रात को थाने में गए थे। पुलिस वालों ने बयान लिख लिये थे। बाद में कुछ नहीं किया। मेरे बच्चे को जान से खत्म कर देते तभी शायद पुलिस वाले कुछ करते। जिन लडकों ने बेटे को मारा है,उनको सजा होनी चाहिए। इस तरह से वो किसी भी बच्चे को मारेगें और अपनी गुंडा गर्दी करेगें। उस लडके ने पूछा था कहां रहता है,उसके बाद अपने साथी के पास ले गया-जीशान



शाम करीब चार बजे मैं बिरयानी लेने अकेला गया था। रास्ते में चार पांच लडके मिले थे। जिसने उससे पूछा कि कहां पर रहते हो। बताया कि बी ब्लॉक पुलिस चौकी के पास। उसी वक्त उसको बजमी नामक युवक के पास लेकर चले गए। वहां पर उसके सिर के पीछे बीयर की बोतल मारी और बेट आदि से बुरी तरह से पीटा,उसकी अधमरी हालत करके बजमी ने बोला कि इसको जान से मार दो। मेरा कभी भी किसी से कोई झगड़ा नहीं हुआ है। पता नहीं क्यों मारा है। बाहर आकर किसी अंजान से सहायता लेकर उसकी गाड़ी से घर आया और फिर अस्पताल उपचार करवाने गया था। पुलिस वालों ने भी कोई लिखित शिकायत नहीं ली। सौ नंबर पर भी कॉल करने से मना कर दिया और बोला कि हम देख लेगें।

## सज्जन कुमार को दिल्ली हाईकोर्ट का नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े जनकपुरी हिंसा मामले के आरोपित सज्जन कुमार को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सज्जन कुमार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को करने का आदेश दिया। याचिका जनकपुरी सिख दंगे के पीड़ित मनजीत सिंह ने दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से उच्च न्यायालय में वकील कामना वो. हरा, गुरबख्श सिंह और सुरप्रीत कौर ने दलीलें रखीं। याचिका में 22 जनवरी के राऊज एवेन्यू कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार को इस मामले में बरी कर दिया था।

# पीरागढ़ी हत्याकांड : दो नाबालिगों समेत चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली पुलिस ने 60 वर्षीय सुरक्षा गार्ड विजेंद्र की सनसनीखेज हत्या का मामला सुलझा लिया है और घटना के 48 घंटे के भीतर दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों ने कथित तौर पर पहचान से बचने के लिए वाहन की नंबर प्लेट हटा दी थी साथ ही अपराध के दौरान और बाद में पुलिस से बचने के लिए फास्टैग भी हटा दिया गया था।

जांचकर्ताओं ने आगे खुलासा किया कि विजेंद्र की हत्या को कथित तौर पर सड़क दुर्घटना के रूप में दिखाया गया था ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके और संदेह से बचा जा सके। हालांकि, बाहरी दिल्ली पुलिस द्वारा इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज का विस्तृत विश्लेषण करने के बाद मामले में नाटकीय मोड़ आया। तकनीकी और जमीनी जांच के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और एक विशेष जांच दल का गठन किया, जिसने अंतत: दो दिनों के भीतर मामले को सुलझा लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लगातार छापेमारी और निगरानी के चलते दो नाबालिगों समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या के मकसद और घटनाक्रम की आगे की जांच जारी है। पीरागढ़ी गांव में श्री शिध बाबा मंदिर के पास एक टेम्पो स्टैंड पर चौकीदार का काम करने वाले विजेंद्र की शनिवार देर रात कथित तौर पर हत्या कर दी गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, चार लोग एक कार में घटनास्थल पर पहुंचे थे और उनमें से एक ने कथित तौर पर विजेंद्र पर लाठी से हमला किया। जब विजेंद्र भागने की को. शिश कर रहा था, तो आरोपियों ने कथित तौर पर उसे कई बार कुचल दिया और फिर मौके से फरार हो गए। शुरुआत में पुलिस को रविवार तड़के करीब 4:03 बजे पीरागढ़ी गांव में एक जानलेवा दुर्घटना की सूचना मिली थी। हालांकि, जांच और सीसीटीवी फुटेज की छानबीन के दौरान, अधिकारियों ने पाया कि पीड़ित को जानबूझकर एक चार पहिया वाहन से दो बार कुचला गया था, जिसके बाद मामले को हत्या की जांच में बदल दिया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने हीटवेव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जारी भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल का दौरा कर हीटवेव से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने हीटवेव मैनेजमेंट के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और डॉक्टरों, मेडिकल स्टाफ, आपातकालीन बुनियादी ढांचे और मरीजों की देखभाल संबंधी सभी तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की।

इस अवसर पर बोलते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार का स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल टीमें स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भीषण गर्मी के कारण किसी भी नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। मंत्री ने आगे बताया कि एलएनजेपी अस्पताल में हीटवेव और गर्मी से संबंधित पीड़ित मरीजों के लिए विशेष 'हीट रिलेटेड इलनेस' वार्ड बनाया गया है, जहां हीटवेव से प्रभावित मरीजों को समय पर विशेष मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के लिए इलाज के विशेष इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे बताया कि अस्पताल में हीटवेव से संबंधित मामलों के उपचार के लिए व्यापक उपचार की व्यवस्था तैयार की गई है।



**स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल का दौरा कर हीटवेव से निपटने की तैयारियों का जायजा लेते हुए।**

## एक नजर

### पौराणिक ड्रामा हस्तिनापुर के वीर जल्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी लेकर आ रहा है हस्तिनापुर के वीर, एक नया पौराणिक ड्रामा जो पांडवों और कौरवों के शुरुआती वर्षों को गहराई से दिखाएगा। हस्तिनापुर की भव्य पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो उन अनकही कहानियों, रिश्तों और निर्णायक पलों को जीवंत करता है, जिन्होंने इन महान योद्धाओं को गढ़ा। इस कथा को और मजबूती देने के लिए अभिनेता चेतन्य अदीब निभा रहे हैं कृपाचार्य का अहम किरदार उस दौर के सबसे सम्मानित गुरुओं में से एक। चेतन्य अदीब, जो थिएटर और भारतीय टेलीविजन में अपनी दमदार और सशक्त मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं, हमेशा अपने अभिनय में गहराई और संयम लेकर आए हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए चेतन्य अदीब कहते हैं, "जब मैंने कृपाचार्य के बारे में पढ़ना शुरू किया तो मुझे उनकी शांति और आत्मविश्वास ने बहुत आकर्षित किया।

### किफायती ग्रूमिंग सेगमेंट में रखा कदम

**नई दिल्ली।** 'वी-जॉन' ने अपने ग्रूमिंग पोर्टफोलियो को मजबूत करते शेविंग समाधान पेश किया है।

गुणवत्ता वाली ग्रूमिंग को अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, वी-जॉनष ने वी-जॉनष्शेव प्रो ट्विन ब्लेड रेजर लॉन्च करने की घोषणा की है। लॉन्च पर बात करते हुए आशुतोष चौधरी जीएम मार्केटिंग 'वी-जॉन' ग्रुप ने कहा, 'वी-जॉन' में हमारा हमेशा से मानना रहा है कि अच्छी गुणवत्ता वाली ग्रूमिंग हर उपभोक्ता के लिए सुलभ होनी चाहिए।

### डीआरडीओ रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में महिला वैज्ञानिक के घर चोरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिमारपुर थाना क्षेत्र में स्थित डीआरडीओ के अत्यधिक सुरक्षित माने जाने वाले रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में चोरों ने लाखों रुपये के गहने, नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना डीआरडीओ की एक महिला वैज्ञानिक के घर में हुई, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। डीआरडीओ वैज्ञानिक अपने परिवार से मिलने के लिए 15 मई को चंडीगढ़ गई थीं। जब वह 23 मई को वापस लौटीं, तो उन्होंने देखा कि उनके घर का सामान अस्त-व्यस्त है और लाखों रुपये के गहने, चांदी के बर्तन, घड़ियां और अन्य कीमती वस्तुएं गायब हैं। बता दें कि यह दिल्ली का बेहद सुरक्षित रेजिडेंशियल कॉम्पलेक्स माना जाता है। ऐसे में, इस तरह की चोरी की घटना ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी (सीसीटीवी) फुटेज भी खंगाल रहे हैं।

### सेप्टिक टैंक सफाई के दौरान हादसे को लेकर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर में सेप्टिक टैंक की साफ करते समय जहरीली गैस की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई । वहीं, दूसरे मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब इस मामले मुकदमा दर्जकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण, ऑक्सीजन सपोर्ट या प्रोटेक्टिव गियर के करीब आठ फीट गहरे सेप्टिक टैंक के अंदर भेजा गया था।

घर के मालिक ने ठेकेदार अनिल को टैंक साफ करने का काम सौंपा था। ठेकेदार ने नोएडा सेक्टर-16 के रहने वाले विनोद (55) और धर्मेंद्र (34) को यह काम सौंपा। पुलिस के अनुसार, दोनों मजदूर टैंक के अंदर गए और कुछ ही मिनटों में जहरीली गैसों को अंदर लेने के बाद बेहोश हो गए। ठेकेदार और स्थानीय लोगों ने रस्सियों और हुक की मदद से दोनों को बाहर निकाला और लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने विनोद को अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि धर्मेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है।

## पीएनजी पाइपलाइन में ब्लास्ट के बाद लगी आग, 1 झुलसा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में सोमवार देर रात पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइपलाइन में विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ग्राउंड प्लस तीन मंजिला इमारत इसकी चपेट में आ गई।

हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे लोगों और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। दमकल विभाग के अनुसार, सोमवार रात करीब 10:20 बजे सुभाष नगर स्थित मकान नंबर 15/09 में आग लगने की सूचना मिली।

# तीन दिन तक जारी रहेगा हीट वेव 29 मई से मौसम लेगा करवट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में अगले तीन दिनों तक भीषण गर्मी और हीट वेव का प्रकोप जारी रहने वाला है। भारतीय मौसम विभाग की ओर से जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 27 मई को पूरे एनसीआर क्षेत्र में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है, जबकि न्यूनतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार, 26 मई को अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पूरे दिन हीट वेव की स्थिति बनी रही।

विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि दोपहर और शाम के समय तेज सतही हवाएं चलेंगी, जिससे गर्म हवाओं का असर और अधिक महसूस होगा। इसके अलावा 27 मई को भी मौसम लगभग इसी तरह बना रहेगा। अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस दिन भी हीट वेव और तेज गर्म हवाओं का अलर्ट जारी किया है। दोपहर और शाम के समय तेज सतही हवाएं चल सकती हैं, जिससे लोगों को लू का खतरा बना रहेगा। लगातार बढ़ती गर्मी के चलते लोगों को घरों से बाहर निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि 28 मई से मौसम अचानक करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई को अधिकतम तापमान घटकर 43 डिग्री और न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा।

# दिल्ली- एनसीआर में फिर बढ़े सीएनजी के दाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में एक बार फिर महंगाई का झटका लगा है। मंगलवार को सीएनजी की दरों में दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है। यह बीते 12 दिन में चौथी बार है जब सीएनजी के दाम बढ़ाए गए हैं। 12 दिन में 6 रुपये बढ़े हैं। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब सीएनजी 83.09 रुपये प्रति लीटर मिलेगी। पिछले 12 दिनों के भीतर सीएनजी के कुल दाम छह रुपये बढ़ गए हैं। यह वृद्धि उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर डालेगी। लगातार बढ़ती कीमतें आम जनता के लिए चिंता का विषय बन गई हैं। परिवहन लागत में भी इजाफा होने की आशंका है। इससे माल ढुलाई और यात्री किराए पर भी असर पड़ सकता है। सरकार की ओर से इस मूल्य वृद्धि पर कोई तत्काल टिप्पणी नहीं आई है। ईंधन की कीमतों में यह उछाल दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहा है। सीएनजी के दामों में यह बढ़ोतरी चरणबद्ध तरीके से हुई है। 15 मई को सीएनजी के दाम दो रुपये बढ़ाए गए थे। इसके बाद 17 मई को एक रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। 23 मई को भी सीएनजी एक रुपये महंगी हुई थी। अब 26 मई को फिर से दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है।



**निगम के करोल बाग जोन को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं नागरिक सेवा वितरण के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिष्ठित आईएसओ प्रमाणन प्रदान किया गया।**

# केपीएस गिल की पुण्यतिथि पर किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाब में 1980 के दशक में आतंकवाद का खात्मा करने वाले पूर्व पुलिस कमिश्नर एवं पद्मश्री से सम्मानित पैरामाउंट कॉप केपीएस गिल की पुण्यतिथि पर केपीएस गिल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने केपीएस गिल के जीवन पर अजय साहनी द्वारा लिखित पुस्तक पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी को उनके कार्यालय में भेंट की। इस मौके पर लगभग 15 मिनट तक केपीएस गिल के बारे में चर्चा करते हुए डॉ. अरोड़ा ने मंत्री हरदीप पुरी को इस पुस्तक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, केपीएस गिल बहुत बड़ी शख्सियत रहे हैं, जिन्होंने न सिर्फ अपने कर्तव्यों का निर्वाह किया, बल्कि पूरे जीवन भर वह राष्ट्र-प्रथम की भावना के प्रति समर्पित रहे और युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहे।



## फर्जी सरकारी वेबसाइट रैकेट का भंडाफोड़, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की साइबर क्राइम सेल, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ने एक बड़े फर्जी सरक. ारी वेबसाइट रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने ऐसे गिरोह का खुलासा किया है, जो नकली सरकारी पोर्टल बनाकर देशभर के लोगों से ठगी कर रहा था। इस मामले में एक एमसीए डिग्रीधारी आरोपी को उत्तर प्रदेश के इटावा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 'परिवहन डॉट ऑनलाइन' नामक एक फर्जी वेबसाइट तैयार की थी, जिसे इस तरह डिजाइन किया गया था कि वह असली सरकारी ट्रांसपोर्ट सेवा पोर्टल जैसी दिखे। इस वेबसाइट के जरिए लोगों को वाहन नंबर प्लेट बुकिंग और अन्य सरकारी सेवाओं के नाम पर ठगा जा रहा था।

# करोल बाग जोन ने प्राप्त किया आईएसओ प्रमाणन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के करोल बाग जोन को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं नागरिक सेवा वितरण के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिष्ठित आईएसओ प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह प्रमाणन जोन द्वारा स्वच्छता, कार्यकुशलता तथा सतत शहरी प्रबंधन के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने इस उपलब्धि के लिए उपायुक्त, अधिकारियों, स्वच्छता कर्मचारियों, फील्ड टीमों एवं स्थानीय निवासियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह प्रमाणन गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सेवा प्रदान करने तथा नागरिकों के हित में नागरिक अवसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में जोन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। करोल बाग जोन द्वारा शुरू की गई कई महत्वपूर्ण पहलों ने आईएसओ प्रमाणन प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाई। इनमें मशीनीकृत सड़क सफाई, धूल-मुक्त सड़क अभियान, वैज्ञानिक कचरा संग्रहण प्रणाली, नालों की नियमित सफाई , स्वच्छता अभियान तथा नागरिक कार्यों की सघन निगरानी शामिल हैं। इन उपायों के निरंतर क्रियान्वयन से पूरे जोन में स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य मानकों को मजबूत करने में सहायता मिली है।

## टोंग- इल मू-डो महासंघ ने चुनाव कराने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय टोंग-इल मू-डो महासंघ की ओर से भारत सरकार द्वारा स्पोर्ट्स कोड को लागू करने के लिए भारतीय टोंग-इल मू-डो महासंघ ने पहल करते हुए महासंघ का चुनाव कराने का निर्णय लिया। यह चुनाव प्रक्रिया पूरे स्पोर्ट्स कोड को लागू करने के लिए रखी गई है। संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी एवं राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार चौधरी ने बताया कि अब भारत में कोई भी स्पोर्ट्स संघ बिना स्पोर्ट्स कोड को अपनी फेडरेशन में लागू किए बिना कोई भी मान्यता, जो कि सरकार द्वारा संघ को दी जाती है, वह नहीं मिलेगी। जिसके लिए हमने आगामी दिनांक 30 मई को होटल पाम ग्रीन रिजॉर्ट जी टी करनाल रोड दिल्ली में चुनाव कराने का निर्णय लिया गया।

# सदन में हुड़दंग मचाने वालों का जनता बायकाट करे : गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में प्रतिमाह होने वाली सदन की बैठक में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षदों द्वारा हो-हल्ला और हुड़दंग मचाकर सदन की कार्यवाही को लगातार बाधित करने को लेकर चांदनी चौक वार्ड के पार्षद सुमन कुमार गुप्ता ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाही को सुचारू चलाने के लिए महापौर प्रवेश वाही और नेता सदन मास्टर जयभगवान ने भरसक प्रयास किया, लेकिन विपक्षी पार्षदों ने सदन की कार्यवाही को लगातार बाधित कर अपने अपने क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय किया है।श्री गुप्ता ने कहा,कि सदन में चांदनी चौक से जुड़े कई गंभीर विषयो को पटल पर रखा जाना था, इतना ही नहीं निगम के सदन में राजधानी दिल्ली की इस सिविक एजेंसी के माध्यम से प्रत्येक इलाके की समस्याओं पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षद अपने आकाओं की तर्ज पर सदन चलने नही देना चाहते। उन्होंने स्पष्ट किया,कि राष्ट्रीय मुद्दों की आड़ में निगम की कार्यवाही को बाधित करने से स्पष्ट होता है,कि इन पार्षदों को अपने क्षेत्र की जन हितकारी समस्याओ से कोई लेना-देना नहीं है।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# साइबर क्राइम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 2.10 करोड़ ठगी का म्यूल अकाउंट होल्डर हरियाणा से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में डिजिटल अरेस्ट कर 2.10 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसका नाम अमन कुमार निवासी चरखी हरियाणा है। ठगी में अमन के खाते का प्रयोग किया गया था। ये खाता अमन ने साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। इस खाते के खिलाफ धोखाधड़ी के 2.20 लाख रुपए आए थे।

इस खाते के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में आठ शिकायत दर्ज है। जिसमें उप्र में एक, केरल में एक, राजस्थान एक, गुजरात में एक कर्नाटक एक और महाराष्ट्र में 3 शिकायत दर्ज है। जिनकी जांच की जा रही है। साइबर क्राइम पुलिस ने बताया कि 10 अप्रैल को पीड़ित को एक फोन आया।



फोन करने वाले अपने को एनआईए पूणे का अधिकारी बताते हुए पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट किया। उसे बताया गया कि आपके आधार और बैंक खातों का प्रयोग टेरर फंडिंग किया गया है। गिरफ्तारी की झूठी जानकारी देकर डर बनाया।

**गिरफ्तारी वारंट भेजकर दिखाया डर:** साइबर ठगों ने वाट्सएप के माध्यम से आरबीआई के नाम से फर्जी पत्र एवं वारंट भेजकर वादी से कुल 2.10 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना साइबर क्राइम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में दो ठगों को पहले गिरफ्तार जेल भेजा जा चुका है।

### घर के बाहर गाली-गलौज कर की फायरिंग

**नोएडा।** मायचा गांव में सोमवार देर रात उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब स्कॉर्पियो सवार कुछ युवकों ने एक घर के बाहर फायरिंग कर दी। जानकारी के अनुसार मायचा गांव निवासी अनिल अपने परिवार के साथ गांव में रहते हैं और दूध का व्यापार करते हैं। बताया जा रहा है कि गांव में उनका कुछ लोगों के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते सोमवार देर रात उनके घर के बाहर कुछ युवक स्कॉर्पियो गाड़ी से पहुंचे। आरोप है कि वाहन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। कुछ ही देर बाद बाहर मौजूद लोगों ने उनका नाम लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी और धमकियां देने लगे। आरोप है कि इसी दौरान स्कॉर्पियो सवार युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी। आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी देते रहे और कुछ देर बाद मौके से फरार हो गए।

# जनगणना: बुधवार तक ड्यूटी रिसीव न करने वाले प्रागणकों पर होगी एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनगणना 2027 के लिए ग्रेटर नोएडा के चार्ज अधिकारी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने कहा है कि जनगणना 2027 में जिन कर्मचारियों/प्रागणकों (एमुलेटर्स) की ड्यूटी लगी है, वे बुधवार शाम तक अपनी ड्यूटी रिसीव कर लें, अन्यथा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

उन्होंने शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन से भी कहा है कि जनगणना के कार्य में लगे कर्मचारियों को पूरा सहयोग करें। इसमें किसी तरह की बाधा उत्पन्न न करें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

चार्ज अधिकारी ने बताया कि जनगणना में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, उनको प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

इन सभी कर्मचारियों को 20 जून तक जनगणना का कार्य पूर्ण करना है। कई कर्मचारी अब भी अपना कार्य शुरू नहीं किए हैं। ऐसे कर्मचारियों को बुधवार शाम तक का अंतिम समय दिया जाता है। इसके बाद उन पर संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। चार्ज अधिकारी ने कहा कि अगर किसी के पास अपने एरिया के प्रागणक से संपर्क न हो, तो अपने एरिया के वर्क सर्किल प्रभारी, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक व सुपरवाइजर से संपर्क कर सकते हैं। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ और जनगणना के लिए ग्रेटर नोएडा के नोडल अधिकारी सुमित यादव ने ग्रेटर नोएडा की आरडब्ल्यूए और अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन से अपील करते हुए कहा कि जनगणना में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को पूरा सहयोग करें। उनको सेक्टर या सोसाइटी में प्रवेश करने में कोई परेशानी न हो। उनका पहचान पत्र व ड्यूटी पत्र का परीक्षण कर प्रवेश करने दें।

नोडल ऑफिसर ने यह भी अपील की है कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए अगर कर्मचारियों को नींबू पानी/जलपान की आवश्यकता हो, तो उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य देशहित व जनहित से जुड़ा है। इसमें जनसहयोग जरूरी है। जनगणना का लक्ष्य जनसहभागिता के बिना पूरा नहीं हो सकता।

### सोसाइटी में महिला से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर म्यू स्थित ओमैक्स पाम ग्रीन्स सोसाइटी में एक महिला के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। यह घटना सोसाइटी की जीबीएम (जनरल बॉडी मीटिंग) के दौरान हुई। पीड़िता अमृता अरोड़ा ने आरोप लगाया है कि सोसाइटी के कुछ सदस्यों ने उनके पति के साथ विवाद के दौरान उन पर हमला किया। अमृता का कहना है कि जब वह अपने पति को बचाने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। इस धक्का-मुक्की में उन्हें खरोंचें आई और उनके कपड़े भी फट गए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनकी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाली हरकतें की गईं।

# किन्नर हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

■ **झगड़े के बाद की थी हत्या, 24 घंटे में पकड़ा गया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने किन्नर की हत्या के आरोपी को 24 घंटे के भीतर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ मोना उर्फ मानव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा, एक जिंदा कारतूस और 315 बोर का एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से सेक्टर-148 मेट्रो लाइन से पुस्ता की ओर जाने वाले रास्ते पर घेरा. बंदी की थी। इसी दौरान पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसके बाद 26 वर्षीय अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला है और फिलहाल तुगलपुर में रह रहा था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरा. पी और मृतक चांदनी उर्फ मनो. रंजन शर्मा तुगलपुर में किराए के मकान में साथ रहते थे। दोनों अक्सर साथ में शराब पीते थे। देर रात घर आने और अन्य लोगों से संबंधों को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी विवाद के चलते आरोपी ने चांदनी की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।



एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार ने बताया कि 24 तारीख की रात तुगलपुर में किन्नर की हत्या की घटना हुई थी। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

## एक नजर

### यमुना प्राधिकरण पर मुआवजा दिए बिना जमीन कब्जाने का आरोप

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** यमुना विकास प्राधिकरण पर जेवर क्षेत्र में एक किसान की जमीन बिना मुआवजा दिए कब्जाने का आरोप लगा है। मंगलवार को प्राधिकरण के अधिकारी 45 मीटर रोड निर्माण के लिए जेसीबी मशीन के साथ गांव रौनीजा के पास सेक्टर-22डी पहुंचे और जमीन पर कब्जा लेने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान एक खेत की बाउंड्री वॉल भी गिरा दी गई। गांव रौनीजा निवासी किसान गिरिराज अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचे और प्राधिकरण की कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान किसान और प्राधिकरण अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किसान गिरिराज ने आरोप लगाया है कि सेक्टर-22डी में खसरा संख्या-122 में उनकी करीब 6840 वर्गमीटर जमीन है, जिसका मुआवजा उन्हें अब तक नहीं मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को भी प्राधिकरण के अधिकारियों ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनके खेत में खड़ी सब्जी और ज्वार की फसल नष्ट कर दी थी। उस दिन भी जेसीबी से बाउंड्री वॉल गिराई गई थी। किसान गिरिराज के विरोध के बाद अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें उन्हें मंगलवार को प्राधिकरण कार्यालय बुलाया गया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र के अन्य किसानों में भी यमुना प्राधिकरण की कार्रवाई के प्रति नाराजगी बनी हुई है।

### विवाहिता के अश्लील फोटो फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट से वायरल, पति पर केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर कलां गांव में एक विवाहिता के अश्लील फोटो फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर वायरल कर दिए गए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दहेज उत्पीड़न के मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए उसके पति द्वारा लगातार गाली-गलौज, धमकी और बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सलारपुर कलां गांव निवासी नेहा शर्मा की शादी 30 जून 2020 को दादरी के ब्रह्मपुरी मोहल्ला निवासी ऋषभ मिश्रा के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर वर्ष 2023 में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पीड़िता के अनुसार मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के लिए पति आए दिन फोन पर गाली-गलौज करता है और अशब्द भाषा का प्रयोग करता है। आरोप है कि पति ने फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर विवाहिता के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। विरोध करने पर आरोपी द्वारा मुकदमा वापस लेने, बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जारचा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने आरोपी पति ऋषभ मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फार्मेसी की दुकान का शटर और तिजोरी गैस कटर से काटकर चोरी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** बदमाश गैस कटर से शटर काटकर सेक्टर-62 स्थित फार्मेसी की दुकान में रविवार रात घुस गए। उन्होंने गैस कटर की मदद से ही तिजोरी को काटकर उसमें रखी नगदी चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फार्मेसी के प्रबंध निद. शक ने सेक्टर-58 थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सेक्टर-48 में रहने वाले दिव्याकन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह सोल फार्मेसी कंपनी में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उनके द्वारा क्षेत्र में 10 दुकानों का संचालन किया जाता है। 24 मई की रात करीब ढाई बजे दो बदमाश चेहरे पर मास्क और सिर पर हेलमेट लगाकर सेक्टर-62 में टॉट मॉल स्थित दुकान पर आए। उन्होंने दुकान के शटर को गैस कटर से काटा और अंदर घुस गए। उसके बाद आरोपियों ने दुकान के अंदर रखी तिजोरी को भी गैस कटर से काटा। उसके अंदर रखे 67,200 रुपये चोरी कर लिए।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, 6 माह पहले हुई थी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 63 थाना अंतर्गत आने वाली छिजारसी कॉलोनी में रहने वाली 22 वर्षीय एक नवविवाहित की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक महिला की 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। मृतका के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय पूजा अपने पति अभिषेक पाल और उसके परिवार के साथ छिजारसी कॉलोनी में रहती थी। सोमवार रात पूजा का शव ससुराल में पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पूजा की छह महीने पहले ही शादी हुई थी। उसके परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए उसका उत्पीड़न किया, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई। पुलिस परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर इस मामले की जांच कर रही है।।थाना प्रभारी अमित काकरान ने भाषा को बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) संतोष कुमार की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### प्ले स्कूल संचालक ने फांसी लगाकर जान दी

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-66 स्थित मामूरा गांव के श्रमिक कुंज में प्ले स्कूल संचालक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर फेज-तीन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, युवक मान. सिक रूप से परेशान चल रहा था।

लखीमपुर खीरी के रहने वाले सोनू वाजपेई (26) पिछले एक साल से श्रमिक कुंज में किराए पर रह रहे थे। उनके साथ आरती नाम की महिला भी रहती थी। दोनों घर के एक कमरे में छोटे बच्चों के लिए प्ले स्कूल चलाते थे। सोमवार रात करीब 10:30 बजे सोनू घर के अंदर थे, जबकि आरती घर के बाहर आसपास के लोगों से बात. चीत कर रही थी।

# शाहरुख, सलमान और आमिर बने बकरीद के सितारे, बाजार में लाखों में बिक रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बकरीद का चांद नजर आने के साथ ही शहर की गलियों, बाजारों और मोहल्लों में रौनक बढ़ गई है। कहीं लोग अपने पसंदीदा बकरों को सजाने में जुटे हैं तो कहीं छोटे बच्चे उन्हें शाहरूख, सलमान और आमिर जैसे नाम देकर पुकार रहे हैं। शहर में 20 हजार से लेकर पांच लाख रुपये तक के बकरे बिक रहे हैं। इनमें अल्लाह के निशान वाले बकरों की मांग सबसे ज्यादा है।

बाजारों में विभिन्न नस्लों और वजनों के बकरे बिक रहे हैं। जिन बकरों के शरीर पर प्राकृतिक रूप से अल्लाह या बिस्मिल्लाह जैसे निशान दिखाई दे रहे हैं, उनकी कीमत सबसे अधिक लग रही है। सेक्टर-9 निवासी शाहब. ुद्दीन ने बताया कि इस बार बाजार में शाहरूख, सलमान और आमिर नाम के बकरों की काफी मांग रही।

उन्होंने कहा कि लोग सिर्फ कुर्बानी के लिए ही नहीं बल्कि अच्छे और सुंदर बकरे खरीदने को लेकर भी उत्साहित नजर आए। कई खास बकरे त्योहार से पहले ही बिक चुके हैं।

**तीन हिस्सों में बांटा जाता है गोश्त:** सेक्टर-8 मस्जिद के मौलाना कारी नाजिम ने बताया कि 28 मई को सुबह ईद की नमाज अदा की जाएगी, जिसके बाद लोग कुर्बानी करेंगे। बकरीद का त्योहार तीन दिनों तक मनाया जाता है और इन दिनों में कुर्बानी दी जाती है।

इस्लाम में कुर्बानी का विशेष महत्व है। कुर्बानी के बाद गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा जाता है। पहला हिस्सा गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए रखा जाता है, दूसरा रिश्तेदारों और पड़ोसियों में बांटा जाता है, जबकि तीसरा हिस्सा परिवार के लिए रखा जाता है। यही इस त्योहार का सबसे बड़ा संदेश भी है कि खुशियां सभी के साथ साझा की जाएं। उन्होंने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण और स्वच्छ तरीके से मनाने की अपील भी की।

# सड़क हादसों में कमी लाने को जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, हादसों में होने वाली मृत्यु दर कम करने और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने की।

बैठक में सड़क सुरक्षा को प्रशासनिक दायित्व के साथ-साथ कानूनी और सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमित निगरानी और ठोस कदम उठाए जाएं।



अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और तीनों प्राधिकरणों के अधिकारियों को अवैध स्टैंड, अवैध पार्किंग, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) को चिन्हित कर वहां अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने को कहा गया।

बैठक में अवैध कट बंद करने और सड़क सुरक्षा संकेतकों को बेहतर बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि केवल प्रवर्तन कार्रवाई से सड़क हादसों में कमी नहीं लाई जा सकती, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है।

इसके लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक इकाइयों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय ने एजेंडा के विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्तुति दी। इस दौरान यातायात पुलिस, लोक निर्माण विभाग, प्राधिकरणों तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बॉटनिकल गार्डन बस स्टैंड होगा हाईटेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-38ए स्थित बॉटनिकल गार्डन बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। परियोजना के तहत बसों की पार्किंग, ई-चार्जिंग स्टेशन, यात्री प्रतीक्षालय और फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

करीब सवा साल पहले इस बस स्टैंड को अपग्रेड करने का फैसला लिया गया था। इसके बाद प्राधिकरण के सीईओ से परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिली। अब इसे जमीन पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बस स्टैंड का डिजाइन और डीपीआर Indian Institute of Technology Delhi ने तैयार किया है। प्राधिकरण ने निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी कर एजेंसियों से 1 जून शाम 5 बजे तक आवेदन मांगे हैं। 2 जून को टेंडर खोला जाएगा। इस परियोजना पर करीब 16.95 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगस्त से निर्माण कार्य शुरू कराया जा सकता है। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार बस स्टैंड को 2.85 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। यहां 26 बसों के लिए पार्किंग और प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे। इनके ऊपर डिजाइनर शेड लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों को धूप और बारिश से राहत मिल सके।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सोरखा गांव के पुस्ता रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर की मौत हो गई। उसकी मां ने ठेकेदार पर बेटे को जबरन ट्रैक्टर थमाने का आरोप लगाते हुए थाने में केस दर्ज कराया है। बदायूं के सलावतपुर गांव निवासी गुड्डो ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा अनूप ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव के ठेकेदार हरेंद्र के पास तीन माह से बेलदारी का काम कर रहा था। हरेंद्र बेलदारी कराने के अलावा उसके हाथ में ट्रैक्टर भी दे देता था, जबकि अनूप के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। अनूप रविवार को ट्रैक्टर को सोरखा गांव में पुस्ता रोड पर ले गया था।

वहां पर ट्रैक्टर सड़क से उतरकर पलट गया। अनूप ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर समेत शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा घायल किशोर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस जल्द ही नामजद आरोपी को दबोचने का दावा कर रही है।

# पद्मश्री डॉ. बुद्धरश्मि मणि बोले- विरासत बचाना ही राष्ट्र निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित भारतीय विरासत संस्थान के पूर्व कुलपति और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. बुद्ध रश्मि मणि को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्मश्री सम्मान मिलने के बाद नोएडा के शैक्षणिक और पुरातात्विक जगत में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि "विरासत बचाना ही राष्ट्र निर्माणष है।

डॉ. मणि को यह सम्मान केवल अयोध्या उत्खनन तक सीमित नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैज्ञानिक तरीके से संरक्षित और प्रमाणित करने में उनके दशको लंबे योगदान के लिए दिया गया है।।पुरातत्व की दुनिया में उन्हें ऐसे विशेषज्ञ के रूप में देखा जाता है जिन्होंने इतिहास को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जमीन के भीतर छिपे तथ्यों को सामने लाकर नई पीढ़ी को भारत की सभ्यता से जोड़ा।

**राम मंदिर के लिए जुटाए साक्ष्य:** राम जन्मभूमि मामले में 2003 में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर हुए उत्खनन के दौरान उनके नेतृत्व में एएसआई टीम ने ऐसे पुरातात्विक साक्ष्य जुटाए, जिन्होंने न्यायिक प्रक्रिया को नई दिशा दी। उत्तर भारतीय नागर शैली के अवशेष, स्तंभों के आधार और अभिलेखों ने इस मामले में अहम भूमिका निभाई।

# पारा 40 पार होने से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में लगातार कई दिनों से पारा 40 डिग्री के पार है। मंगलवार को भी तेज धूप और लू से लोग बेहाल रहे। दिन में बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहा। आईएमडी की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर का अधिकतम तापमान 40.9 और न्यूनतम 26.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को भी अधिकतम तापमान इतना ही था। दिनभर तेज धूप, उमस और आठ से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली गर्म हवा ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर में खुले आसमान के नीचे लोगों को थोड़ी देर तक ठहरना मुश्किल हो रहा था। सबसे ज्यादा दिक्कत दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, पुलिसकर्मियों और बाहर काम करने वाले कर्मचारियों को हुई। इसके अलावा धूप के कारण शाम के समय सेक्टर और सोसाइटियों के पार्कों में भी लोगों की संख्या काफी कम दिखाई दी। वहीं, गर्मी ने अब लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करना भी शुरू कर दिया है। इस समय पेट खराब समेत बुखार और संक्रमण के मरीजों की संख्या बढ़ गई है।



शहर की हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्ट (एक्यूआई) 332 दर्ज किया गया। वहीं, नोएडा का एक्यूआई 244 रहा। नोएडा में सेक्टर-116 और ग्रेनो नॉलेज पार्क-5 की हवा सबसे ज्यादा खराब है। पिछले कुछ दिनों से लगातार एक्यूआई में उतार चढ़ाव जारी है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# रोजगार मेले में 80 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां करेंगी प्रतिभाग

## 11 जून को स्यादवाद इंस्टीटयूट में आयोजित होने वाले विशाल रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने 11 जून 2026 को स्यादवाद इंस्टीटयूट में आयोजित होने वाले विशाल रोजगार मेले की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह रोजगार मेला उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।



जिलाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में लगभग 80 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। कंपनियों द्वारा व्यवस्थित रूप से स्टॉल लगाए जाएंगे तथा अभ्यर्थियों का पंजीकरण एवं साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता एवं क्षमता के आधार पर चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में कोई भी पात्र युवा प्रतिभाग करने से वंचित न रहे। मेले में युवाओं की सुविधा हेतु पंजीकरण स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकरण कराना होगा। सभी रिक्तियों की जानकारी पोर्टल के होम पेज पर विभिन्न नौकरियाँ विकल्प में उपलब्ध रहेगी। अधिक जानकारी हेतु विभाग के टोल फ्री नंबर 155330 तथा जिला सेवायोजन अधिकारी विपिन कुमार (मो. 6386856985) पर संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को रोजगार मेले की सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देश दिए कि मेले में श्रम विभाग के नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अकुशल श्रमिकों को 11,021 तथा कुशल श्रमिकों को 13,580 से कम मानदेय किसी भी कंपनी द्वारा नहीं दिया जाएगा। रोजगार मेले में वेवटैक्स, कृष्णा मारुति, पेटीएम, श्री आई इन्फोटेक, होटल सेंट्रम, अंब्रोसिया, सिद्धि इन्फोटेक, गोयल इंक सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इसके अतिरिक्त जनपद की स्थानीय कंपनियां भी अपने स्टॉल लगाकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बागपत के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खेल, इंजीनियरिंग, तकनीकी एवं अन्य क्षेत्रों में जनपद के युवा प्रदेश और देश में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोजगार मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा इसमें प्रतिभाग कर अपने कौशल एवं प्रतिभा के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर सकें। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्टाफ नर्स, टेक्नीशियन, डायग्नोस्टिक सेंटर एवं हाउसकीपिंग से संबंधित अवसर उपलब्ध कराने तथा लीड बैंक मैनेजर को बैंकिंग क्षेत्र में मल्टी टास्किंग जैसे पदों पर भर्ती सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त उद्योग, सहायक खाद्य आयुक्त, समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में रोजगार मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं मेले में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा, जिला सेवायोजन अधिकारी विपिन कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ,सहायक खाद्य आयुक्त देवेंद्र पाल सिंह, पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंदिर जानें वाले रास्ते पर जलभराव से ग्रामीण परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गोठरा गांव में मंदिर के सामने वाले गली में जलभराव के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों नें मार्ग ठीक करानें की मांग की है।

गोठरा गांव में विवेकानंद स्कूल और मंदिर के समीप वाला रास्ते पर जलभराव और कीचड़ के चलते लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। गोठरा निवासी सुरेन्द्र बंसल ने बताया कि मार्ग पर जलभराव की समस्या और पिछले पांच वर्ष से इस मार्ग का निर्माण नही हुआ है जिससे मंदिर जाने के लिए श्रद्दालुओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायत के बाद भी आज तक समाधान नही हो पाया है। गांव के ही नरेन्द्र बंसल ने बताया कि इस गली में रहने वाले ग्रामीण परेशान है और उन्हें जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है जिससे लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव के लोगो ने समस्या के समाधान कराने की मांग की है।

## 5,000 से ज्यादा बकरों को कुर्बानी से बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ईद-उल-अजहा के अवसर पर में (जीव दया संस्था) द्वारा संचालित (बकरा शाला) बकरों को कुर्बानी से बचाने का कार्य कर रही है। संस्था ने इस वर्ष 500 से अधिक बकरों को खरीदकर आश्रय दिया है। अब तक कुल 5,000 से ज्यादा बकरों को कुर्बानी से बचाया जा चुका है।



इस (बकरा शाला) में बकरों के भोजन, आवास और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाता है। उनके लिए उचित व्यवस्थाएं और पशु चिकित्सकों की एक टीम हमेशा उपलब्ध रहती है, जिससे बकरों को सुरक्षित और स्वस्थ रखा जा सके। यह पहल नौ साल पहले शुरू हुई थी, जब संस्था ने ईद पर कुर्बानी के लिए लाए गए बकरों को जीवनदान देने का संकल्प लिया। संस्था के सदस्य बकरा मंडियों और अन्य स्थानों से, जहां कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद-फरोख्त होती है, उन्हें दोगुनी कीमत देकर खरीदते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य बकरों की जान बचाना है। संस्था के सदस्य दिनेश जैन के अनुसार, (जीव दया संस्था) देश के विभिन्न हिस्सों से बकरों को खरीदकर लाती है। इन बकरों को बागपत के अमी नगर सराय कस्बे में स्थित शबकरा शालाश में विशेष देखभाल के साथ रखा जाता है। ईद-उल-अज़हा के दौरान बड़े पैमाने पर होने वाली बकरों की खरीद-फरोख्त और कुर्बानी को देखते हुए, (बकरा शाला) के स्वयंसेवक सक्रिय रूप से बकरों को खरीदते हैं। यह संस्था जीव हत्या रोकने और अहिंसा के सिद्धांत को बढ़ावा देने का एक उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसका लक्ष्य प्रतिवर्ष लगभग 500 से अधिक बकरों को जीवनदान देना है।

## साइबर क्राइम पुलिस ने 7 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार, कब्जे से विभिन्न सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** साइबर क्राइम पुलिस ने 7 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। यह गिरोह सोशल मीडिया पर लोन के आकर्षक ऑफर देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। गिरफ्तार आरोपियों ने देशभर में 5 हजार से अधिक लोगों को ठगा है और करोड़ों रुपये ऐंठे हैं।

यह गिरोह पिछले 10 वर्षों से सक्रिय था और देश के अलग-अलग हिस्सों में साइबर ठगी की बड़ी गिरोहों को अंजाम दे चुका है। बागपत के गिरोहल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि लगातार मिल रही गिरोह के बाद यह कार्रवाई की गई। साइबर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मेरठ निवासी नदीम, अतीक, शाहरुख और शौकीन शामिल हैं। इनके अलावा, हरियाणा से मतीन और गाजियाबाद से अभिषेक के साथ एक महिला को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 15 मोबाइल फोन, 45,250 रुपये नकद, दो गाड़ियां, एक प्रिंटर, एक लेमिनेशन मशीन, एक लैपटॉप और दो फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों में शिकायतें दर्ज हैं। यह गिरोह पहले सोशल मीडिया पर विज्ञापन साझा करता था, जिसे लोग पसंद करते थे। लोन दिलाने के नाम पर वे आवेदकों से 4,000 से 15,000 रुपये तक की (प्रोसेसिंग फीस) मांगते थे। फीस मिलने के बाद, वे आवेदक का नंबर बंद कर देते थे। इस तरह, इन्होंने 10 वर्षों में करोड़ों रुपये की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया।





## कच्ची शराब साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 17 लीटर 780 मिलीलीटर अवैध कच्ची शराब, एक स्कूटी और शराब बिक्री के 800 रुपये नकद बरामद किए।

पुलिस के अनुसार, खेकड़ा थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने दो संदिग्ध युवकों को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्मों की पहचान इमरान पुत्र मीरहसन (26 वर्ष, निवासी मोहल्ला शेखपुरा, कस्बा खेकड़ा, जनपद बागपत) और मोनू उर्फ अमित पुत्र सतवीर (32 वर्ष, निवासी धामीनगर सिरोली, थाना लोनी, जिला गाजियाबाद) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से कुल 17 लीटर 780 मिलीलीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई है। इसके अतिरिक्त, घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी और शराब बिक्री से प्राप्त 800 रुपये नकद भी बरामद हुए हैं।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में की गई 48 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुरनपुर नवादा गांव में आयुष विभाग की और से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 48 लोगो की जांच कर मुफ्त दवाईया वितरित की गयी।

पूरनपुर नवादा पर निःशुल्क आउटरीच कैंप का आयोजन किया। जैसा कि आयुर्वेद का उद्देश्य है स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की देखभाल करना एवं रोगी व्यक्ति के रोग का उपचार करना इसी थीम के अंतर्गत कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों से संवाद स्थापित करके उनको स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गयी, अत्यधिक गर्मी के समय क्या करें और क्या ना करें इस बारे में जानकारी दी गयी, अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन योग प्राणायाम वॉकिंग को स्थान दे एवं फास्ट फूड छोड़कर स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने का आवहन किया गया। डा.विपिन पवार ने बताया कि बहुत सी बीमारियां ऐसी होती है जो हमारे खान-पान एवं दिनचर्या से संबंधित होती है जिससे हम केवल अपनी दिनचर्या में बदलाव करने से निरोगी रह सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पूरनपुर-नवादा पिंकी देवी, कंप्यूटर सहायिका निति शर्मा, डा.विपिन पवार, सहयोगी देवेंद्र कुमार एवं आसपास के गांव से आए हुए सम्मानित लोग उपस्थित रहे। शिविर मे दो अलग अलग काउन्टर लगाये गये। वृद्ध जनों के लिए अलग से काउंटर लगाया गया। शिविर में 48 रोगियों की जांच की गयी आवश्यकता अनुसार दवाईया दी गयी एवं अन्य सभी को दिनचर्या ऋतुचार्य, एवं खान पान में बदलाव के लिए कहा गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने डा. साहब का धन्यवाद किया एवं ऐसे कैंप बार-बार लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते रहने के लिए कहा।

## महेंद्रदत्त शर्मा बने राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के सिनोली गांव निवासी महेंद्र दत्त शर्मा बने राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ उत्तर प्रदेश अध्यक्ष इनकी नियुक्ति राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदत्त शर्मा उर्फ आर डी शर्मा ने की है।

पंडित महेंद्र दत्त शर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ द्वारा मुझे दी गई है। मैं उस जिम्मेदारी को जिम्मेदारी समझते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देश को मानते हुए हमेशा समाज हित में कार्य करता रहूंगा। इससे पूर्व में भी पंडित महेंद्र दत्त शर्मा ब्राह्मण समाज के कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं उन्होंने हमेशा समाज की एकता सामाजिक मुद्दों पर गांव जाकर समाज के लोगों को जागरुक करते हुए हमेशा कार्य किए हैं उनके मनोयन पर राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व प्रधान कृष्ण दत्त शर्मा एडवोकेट राधेश्याम शर्मा एडवोकेट दीपक शर्मा। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य उमेश कौशिक शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र के संस्थापक आचार्य संदीप दत्त गौतम पूर्व प्रधानाचार्य सेवाराम शर्मा राधेश्याम शर्मा दरोगा आचार्य प्रवीण पुलस्त्य एडवोकेट विजय शर्मा मदर मैरी स्कूल की प्रधानाचार्य रेणु शर्मा राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा महिला जिलाध्यक्ष आरती शर्मा के अलावा काफी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने उन्हें बधाई संदेश भेजकर उनका उत्साहवर्धन किया।



## देश में लगातार बढ़ रही पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भाकियू की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** देश में लगातार बढ़ रही पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने सरकार के फैसलों पर सवाल उठाए हैं। किसान नेता विनोद चौधरी के आवास पर हुई किसानों की बैठक में इस मुद्दे पर आवाज उठाई गई। किसानों ने मांग की है कि बढ़ती कीमतों पर तुरंत लगाम लगाई जाए या उन्हें तेल पर विशेष छूट दी जाए।



किसानों का कहना है कि तेल की कीमतें बढ़ने से उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बुवाई के मौजूदा समय में किसानों को रोजाना तेल की आवश्यकता होती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कीमतें बढ़ा रही है। किसान नेता विनोद चौधरी ने कहा कि सरकार की अनदेखी के कारण ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार तेल की कमी दिखाकर लगातार कीमतें बढ़ा रही है, जबकि देश में तेल की कोई कमी नहीं है। चौधरी ने कहा कि इसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। विनोद चौधरी ने जोर देकर कहा कि यदि तेल की कीमतें बढ़ानी ही हैं, तो किसानों को इस पर विशेष छूट मिलनी चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि जब किसान खुशहाल होगा, तभी देश भी खुशहाल होगा। चौधरी ने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार में किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

## भारी पुलिस बल के बीच किया गया शव का अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के हिलवाड़ी गांव में इलेक्ट्रिशियन चंद्रपाल की हत्या के मामले में मंगलवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही चंद्रपाल का शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। ग्रामीण मौके पर जिलाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़ गए।

बताया गया है कि सोमवार को हिलवाड़ी निवासी इलेक्ट्रिशियन चंद्रपाल की गर्दन तोड़कर हत्या कर दी गई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कूलर ठीक करने के रुपये लेने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना से गांव में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने हत्यारोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए उनका एनकाउंटर किए जाने की मांग उठाई। वहीं मृतक के परिवार को न्याय दिलाने के लिए ग्रामीणों ने मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग भी प्रशासन के सामने रखी। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र रहे। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस बल के साथ मौके पर एसडीएम भावना सिंह क्षेत्राधिकारी अंशु जैन कोतवाली प्रभारी दीक्षित त्यागी क्राईम प्रभारी मधुर श्याम के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल गांव में तैनात रहा। एसडीएम भावना सिंह ने मृतक के परिजनों को आश्वासन दिलाया की परिजनों को आर्थिक मदद दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। अधिकारियों ने परिजनों को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया तब जाकर परिजनों ने ग्रामीणों की मदद लेकर शव का अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार के समय भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। अभी भी गांव में पुलिस की तैनाती मौजूद है। क्षेत्राधिकारी अंशु जैन ने बताया कि गांव में मामला शांत है।







## डगरपुर के लीलू प्रमुख बनें समाजवादी पार्टी के राज्य कार्यकारिणी के प्रदेश सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** डगरपुर के समाजसेवी पूर्व प्रमुख लीलू पहलवान को प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल नें अखिलेश यादव के आदेश के बाद राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाया जिससे गांव में हर्ष का माहौल है।

बागपत के डगरपुर निवासी पूर्व खेकड़ा ब्लॉक प्रमुख लीलू पहलवान को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल नें उत्तर प्रदेश राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नियुक्त किया है जिसके बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। सपा के वरिष्ठ नेता रवि बैसला नें कहा कि लीलू पहलवान हमेशा समाजसेवा में बढ चढकर हिस्सा लेते है और क्षेत्र के एक सम्मानित व्यक्ति है और समाजवादी पार्टी को आगे ले जाने मे कार्य करेगे। वही रटौल के सपा नेता डाक्टर बाबू खान नें कहा कि लीलू पहलवान हमेशा क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगो की भलाई का काम करते है। समाजवादी पार्टी में उनके आने से मजबूती आयेगी।



### युवक पर कार सवारों का हमला, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र में एक युवक के साथ कार सवारों द्वारा अभद्रता, धमकी और हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस घटना को लेकर पुलिस से शिकायत की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सैदपुर कला, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत निवासी विकास ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने घर से बाइक द्वारा खेकड़ा की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह बाजार क्षेत्र में पहुंचे, तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की मारुति बलेनो कार ने लगातार हॉर्न बजाया। विकास का कहना है कि उन्होंने अपनी बाइक को तुरंत साइड कर लिया, लेकिन इसके बावजूद कार में सवार दो युवक उनकी बाइक के बराबर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विकास के मुताबिक, कार सवारों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और आगे निकल गए। आरोप है कि कुछ दूरी पर जाकर उन्होंने अपनी कार रोक ली और दोबारा विकास को रोककर उन पर हमला किया। विकास ने बताया कि वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से निकलने में सफल रहे। विकास ने बताया कि घटना के बाद से वह खुद को डरा हुआ और असुरक्षित महसूस कर रहा है। उसने पुलिस प्रशासन से तहरीर देकर अपनी सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि मामले में जांच की जाएगी और यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं तो उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।


**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुरेश बाला व जन्मतिथि 01/01/1965 दर्ज है जबकि मेरी पेंशन में मेरा नाम सोनिया उर्फ सरोज बाला दर्ज है। मेरी पेंशन में मेरा सही नाम सुरेश बाला दर्ज किया जाए।
सुरेश बाला पत्नी स्व. अतर सिंह, गोव बोढ़ा, तहसील बडौत, जिला बागपत।

**NOTICE**

In Bajaj Allianz Policy No. 0226866304, my name is mentioned as Mrs. Sarita Kumari W/o Rajender Tiwari. My correct name as per Aadhaar, PAN Card and Bank Passbook is Sarita W/o Rajendra Kumar, DOB: 01.01.1979. Kindly update the same for all purposes.

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनीष कुमार पुत्रवधू गीता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
देवकरण पुत्र दुर्गा निवासी ग्राम बरसिया थाना सिघावली अहीर जनपद बागपत।

**NOTICE**

I, Suresh Bala W/o Late Sh. Atar Singh R/o Village Bodha Tehsil Baraut District Baghpat, declare that name of mine has been wrongly written as Sonia urf Sarojbala in my Husband PPO No. 0141-1004522(R). The actual name of mine is Suresh Bala respectively which may be amended accordingly.

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सुरेश सैनी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
ओमप्रकाश पुत्र रूपचन्द निवासी ग्राम खेडकी थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

# एक लाख की रिश्वत लेते जेई गिरफ्तार

## राजकीय निर्माण निगम में तैनात योगेन्द्र कुमार ने चालक के माध्यम से ली रिश्वत, चालक भी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। बागपत स्थित राजा मिहिर भोज डिग्री कॉलेज, बेगमाबाद पाबला के निर्माण कार्य से जुड़े भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने के आरोप में एंटी करप्शन टीम ने विभाग के जूनियर इंजीनियर योगेंद्र कुमार को एक लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में उसका वाहन चालक नीरज भी गिरफ्तार किया गया है, जो कथित रूप से रिश्वत की रकम वसूलने में माध्यम बना हुआ था।



गिरफ्तार जूनियर इंजीनियर योगेन्द्र कुमार व चालक नीरज।

जानकारी के अनुसार चौधरी एसोसिएट फर्म के संचालक एवं ठेकेदार चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर को वर्ष 2020 में बागपत स्थित राजा मिहिर भोज डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्य का ठेका मिला था। पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 8.50 करोड़ बताई गई है। सत्येन्द्र सिंह तोमर के अनुसार उन्होंने वर्ष 2023 में अपने हिस्से का निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप पूरा कर दिया था, जिसके बाद विभाग में भुगतान की प्रक्रिया शुरू की गई।

ठेकेदार का आरोप है कि कार्य पूर्ण होने के बावजूद विभाग द्वारा लगातार भुगतान टाल दिया गया। कभी बजट समाप्त होने का हवाला दिया गया तो कभी बिल प्रक्रिया लंबित बताई गई। सत्येन्द्र तोमर का कहना है कि विभाग द्वारा जिस बजट के आने की बात कही जा रही थी, वह भी जारी हो गया, लेकिन इसके बावजूद उनके बिलों को आगे नहीं बढ़ाया गया। करीब 7 से 8 लाख के बिल अलग रख दिए गए, जबकि उनकी जीएसटी राशि पहले ही जमा कराई जा चुकी थी, जिससे उनकी जीएसटी भी ब्लॉक हो गई।

सत्येन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि विभाग से उनका कुल लगभग 25 लाख का भुगतान लंबित था, जिसमें मूल भुगतान, सिक्योरिटी राशि, बिल एवं जीएसटी शामिल थी। आरोप है कि इसी भुगतान को जारी करने और बिल पास कराने के नाम पर जूनियर इंजीनियर योगेंद्र कुमार द्वारा 1.70 लाख रिश्वत की मांग की गई। बाद में बातचीत के दौरान यह रकम घटाकर एक लाख कर दी गई।

ठेकेदार का कहना है कि पिछले काफी समय से उन पर रिश्वत देने का दबाव बनाया जा रहा था। परेशान होकर उन्होंने करीब दस दिन पूर्व एंटी करप्शन विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने ट्रैप की योजना तैयार की और मंगलवार को कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने केमिकल लगे एक लाख ठेकेदार को सौंपे, जिसके बाद विभाग में रिश्वत की रकम लेते समय जूनियर इंजीनियर योगेंद्र कुमार को रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

बताया गया कि रिश्वत की यह रकम वाहन चालक नीरज के माध्यम से ली जा रही थी। कार्रवाई के दौरान चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपी मीडिया और लोगों से चेहरा छिपाते नजर आए। चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा जानबूझकर तकनीकी खामियां निकालकर ठेकेदारों का शोषण किया जाता है ताकि अवैध धनराशि वसूली जा सके। उन्होंने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से स्वयं अपने कार्य की जांच कराने को कहा था, क्योंकि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप किया गया था तथा उसमें कोई कमी नहीं निकाली जा सकती थी। इसके बावजूद भुगतान रोककर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा था। फिलहाल एंटी करप्शन टीम दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# ईद उल अजहा: पुलिस ने जानी के कई गांव में निकाला फ्लैग मार्च

## थाना प्रभारी ने की अपील, खुले में न करें कुर्बानी, सड़कों पर न पढ़े नमाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** ईद उल अजहा को लेकर मंगलवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बिश्नोई के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च रसूलपुर धौलडी, सिवालखास, जानी कला आदि गांव में होकर निकला। थाना प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से अपील की कि खुले में कुर्बानी न करें और सड़क पर नमाज अदा न करें, किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं और कुर्बानी करते वक्त कोई भी सोशल मीडिया पर वीडियो न डालें और किसी तरह की भड़काऊ पोस्ट ना करें। अगर किसी ने भी इस तरह की हरकत की तो उचित कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में आपसी भाईचारे से त्यौहार मनाएं अगर कोई भी शांति व्यवस्था को खराब करता है तो पुलिस को सूचित करें। कुर्बानी के बाद उनके अवशेषों को गड्ढे में दबाये, बाहर न फेंके, सरकार की गाइडलाइन का पालन करें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार, उप निरीक्षक शिवेन्द्र सिंह, हल्का चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह, उप निरीक्षक सुजीत कुमार, भोला चौकी इंचार्ज आदेश कुमार आदि पुलिस फोर्स मौजूद रहा।



# रसूलपुर धौलड़ी में विजिलेंस और बिजली विभाग के चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** लगातार रात और दिन बिजली की कटौती से लोग परेशान हैं। एमडी मेरठ रवीश गुप्ता ने भी सड़कों पर उतरकर बिजली का हाल-चाल जाना और बिजली घरों में व्यवस्था देखी और अधिकारियों को पूर्ण रूप से बिजली सुचारू करने के निर्देश दिए। इसी के चलते मंगलवार को उपखंड अधिकारी चंदन पंडित अवर अभियंता उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में दिन निकलते ही जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलड़ी में विजिलेंस और बिजली विभाग के अफसर उतर गए जिसमें गांव में हड़कंप मच गया जहां अधिकारियों ने गांव में ओवर लोडिंग चेकिंग अभियान चलाया जहां 2 किलोवाट के कनेक्शन से ज्यादा ओवरलोड चल रहा था करीब 15-20 कनेक्शन काटे और ओवरलोड पकड़ा जिसकी वजह से ट्रांसफार्मर पर लोड पड़ रहा है। गांव में हड़कंप की स्थिति रही और बिजली विभाग के अफसरों ने ट्रांसफार्मर पर जाकर ओवरलोडिंग चेकिंग की। वहीं अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र कुमार ने बताया बिजली की समस्या इस समय पुर उत्तर प्रदेश में गर्मी के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों को निर्देश के बाद क्षेत्र में सही ढंग से बिजली सुचारू रूप से ठीक चलाई जा रही है। आज हमारे कुछ अफसर द्वारा गांव में चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कुछ जगह ओवरलोडिंग भी पकड़ी गई आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# ईद-अल-अजहा को लेकर थाना बहसूमा में हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना परिसर में ईद उल अजहा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी करते समय पर्दे का ख्याल रखें, खुले में कुर्बानी न करें। पशुओं के अवशेष सड़कों पर न फैंके, कोई भी नया कार्य नहीं किया जाएगा। थाना परिसर में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने ईद उल अजहा को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी कानून का पालन करते हुए करें एवं खुले में कुर्बानी न करें, जानवरों के अवशेष सड़कों पर बाहर न फैंके। एक दूसरे से मिलकर शांति एवं सौहार्द का पैगाम दें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रतिबंध जानवर की कुर्बानी न करें। बीमार जानवर की कुर्बानी न करें तथा स्वस्थ एवं ताकतवर जानवर की कुर्बानी करें। शासन प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करें। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि बाइकों पर स्टंटबाजी, कमेंटबाजी एवं जानवरों की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर ना डालें। यदि कोई भी असामा. जिक तत्व त्यौहार में गड़बड़ी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कोई भी असमाजिक तत्व गड़बड़ी करता हुआ पाया गया तो उसकी सूचना कंट्रोल रूम को दें समय रहते कार्रवाई की जा सके। वहीं शाम के समय थाना प्रभारी ने पूरे कस्बे में गली मोहल्ले में जाकर गश्त किया और सरकार की गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। इस मौके पर मुख्य रूप से कस्बा इंचार्ज राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, उदयपाल सिंह, नागेंद्र कुमार, विपिन कुमार, समाजसेवी खलील सलमानी, अनीस राईन, पूर्व सभासद जुन्नूरैन, अहसान, अब्दुल्ला, कारी मुशर्रफ, कारी दानिश, नबी हसन, फिरोज राजपूत, कारी सलीम, वकीला बेगम, इरफान पठान, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद आबिद, मोबिन खान, जहीर आदि मौजूद रहे।



# सैफपुर फिरोजपुर में दो दिन पूर्व युवक को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**■ पुरानी रंजिश के चलते मारी थी गोली, आरोपी को भेजा जेल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर में रोबिन पुत्र विना. द उम्र 23 वर्ष को दो दिन पूर्व एक पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर जख्मी कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित के पिता ने एक आरोपित को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को रामराज से गिरफ्तार कर लिया है तथा उसकी निशानदेही पर एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने बताया कि बीते 2 दिन पूर्व यानी 24 मई को क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर निवासी रॉबिन पुत्र विनोद उम्र 23 वर्ष को पड़ोस का ही रहने वाला ऋतिक पुत्र राकेश ने पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर जख्मी कर दिया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी को इलाज हेतु मेरठ भर्ती कर दिया गया था। घायल के पिता विनोद ने ऋतिक को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कार्रवाई करते हुए रामराज चौकी इंचार्ज आशीष कुमार उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह कांस्टेबल सुधीर कुमार ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ऋतिक को गिरफ्तार कर लिया तथा उसकी निशानदेही पर एक 315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# किठौर में समाजसेवियों ने छबील लगाकर रहागीरों को पिलाया मीठा जल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के किठौर तिराहे पर समाजसेवियों द्वारा छबील लगाकर रहागीरों को मीठा जल पिलाया गया। मई के अंतिम बड़े मंगलवार के अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों ने मीठा जल ग्रहण कर राहत महसूस की। समाजसे. वियों ने कहा कि तेज गर्मी में लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इस दौरान राहगीरों को ठंडा मीठा जल वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। इस मौके पर ग्रामीण अंचल पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, राहुल आशीष, गोलू, आकाश, डॉ. शहजाद, ताहिर, नरेश, मोनू, विक्की त्यागी, पत्रकार उस्मान अली आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पार्षद पर युवती को अपने कब्जे में रखने के आरोप से मचा बवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वार्ड 81 तारापुरी के पार्षद अफजाल एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। बुधवार को मुसर्रत नाम की महिला कप्तान कार्यालय पहुंची और पार्षद पर अपनी बेटी रुखसार को बहला-फुसलाकर अपने प्रभाव में रखने का गंभीर आरोप लगाया। महिला ने पुलिस अधिकारियों से बेटी की बरामदगी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की और वहीं पर फूट-फूट कर रोने लगी। मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब सोशल मीडिया पर रुखसार के कई वीडियो वायरल होने लगे। एक वीडियो में युवती खुद को सुभारती यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहने की बात कह रही है, जबकि दूसरे वायरल वीडियो में वह 500 रुपये के नोटों की गड्डियों के साथ दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

**■ वायरल वीडियो ने खड़े किए सवाल**

रुखसार ने वीडियो में अपनी मां के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि वह अपनी मर्जी से परिवार से अलग रह रही है और पहले भी थाने में बयान दे चुकी है। वहीं युवती के पूर्व पति ने भी परिवार पर पैसों के दबाव का आरोप लगाया है।

दूसरी ओर पार्षद अफजाल ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उन्होंने महिला के परिवार की आर्थिक मदद की थी और अब पैसे वापस मांगने पर उन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि पूरे मामले में कई सवाल अब भी खड़े हैं। वायरल वीडियो, पारिवारिक विवाद और पार्षद का नाम सामने आने के बाद पुलिस भी पूरे प्रकरण को गंभीरता से जांचने में जुटी हुई।

# गंगानगर थाने पर भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गंगानगर थाने में तैनात पुलिसकर्मियों पर छात्र से कथित मारपीट के आरोप को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने मंगलवार को गंगानगर थाना परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। संगठन के कार्यकताओं ने आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों और किसान यूनियन पदाधिकारियों के बीच वार्ता का दौर भी जारी है।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों का आरोप है कि बुलंदशहर निवासी छात्र अभिषेक के साथ गंगानगर थाने में तैनात तीन सिपाहियों ने मारपीट की। आरोप है कि इस घटना में छात्र के कान का पर्दा फट गया। संगठन का यह भी आरोप है कि छात्र को डराया धमकाया गया कि यदि घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी तो देने झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया जाएगा, लेकिन जैसे ही इस मामले की जानकारी भारतीय किसान यूनियन संगठन को मिली तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ता गंगानगर थाने पहुंच गए और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए अनिश्चितकाल. ीन धरना शुरू कर दिया। धरने में शामिल कार्यकताओं का कहना है कि जब तक आरोपित कर्मियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उधर जैसे ही उच्च अधिकारियों को गंगानगर थाने में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के धरने की खबर मिली तो वह सतर्क हो गए और पल-पल की जानकारी जुटाते रहे, उधर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों स्पष्ट कहा कि जब तक एसपी देहात मौके पर नहीं आते जब तक हम किसी से बातचीत नहीं करेंगे, देर शाम उच्च पुलिस अधिकारी गंगानगर थाने पहुंचे।

जिला भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मेरठ अनुराग चौधरी ने बताया कि मामला बुलंदशहर से जुड़े छात्र का है जिसके साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट करी आज गंगानगर थाने में बुलंदशहर से किसान नेता पहुंचे हैं और यदि उच्च अधिकारियों के द्वारा दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं करी जाती तो इस धरने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत मेरठ के पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल होंगे।

### पुलिस और भाकियू के बीच वार्ता जारी

खबर लिखने तक धरना स्थल पर पुलिस अधिकारी और किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद हैं। दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है और मामले के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है, लेकिन थाने परिसर और आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, किसान यूनियन ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग दोहराई है।

# बीएसके मॉडल स्कूल में समर कैंप का रंगारंग समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** बीएसके मॉडल स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप का समापन उत्साहपूर्ण पूल पार्टी के साथ हुआ। कैंप में बच्चों ने योग, प्राणायाम, डांस वर्कशॉप और नॉन-फायर कुकिंग जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योग सत्र में विद्यार्थियों ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाया, वहीं डांस वर्कशॉप में बच्चों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। नॉन-फायर कुकिंग सत्र में बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाना सीखा। समापन अवसर पर आयोजित पूल पार्टी में बच्चों ने जमकर मस्ती की। स्कूल निदेशक डॉ. कमेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 29वीं छमाही बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मेरठ।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक एवं बीमा), मेरठ की छमाही बैठक मंगलवार को होटल अनंता, जागृति विहार में संपन्न हुई। बैठक में राजभाषा विभाग, गृह-मंत्रालय के अधीन उत्तरी क्षेत्र -2 ,गाजियाबाद के सहायक-निद. ेशक (कार्यान्वयन) अजय कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष केनरा बैंक के श्रीविकास कुमार यादव, उप महाप्रबंधक व मेरठ क्षेत्र प्रमुख और पंजाब नैशनल बैंक, अंचल कार्यालय के महाप्रबंधक अजय कुमार टिबड़ेवाल तथा नगर स्थित विभिन्न बैंकों व बीमा कंपनियों के उच्च-अधिकारी तथा राजभाषा अधिकारी प्रमुखता से उपस्थित रहे। बैठक में नगर स्थित बैंकों व बीमा कंपनियों के पिछले छह माह में राजभाषा कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। अजय कुमार चौधरी, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने अपने संबोधन में बैंकों और बीमा कंपनियों में राजभाषा कार्यान्वयन के लिएकिए जा रहे प्रयासों को सराहा तथा नराक. ास (बैंक एवं बीमा), मेरठ के कार्यालयों की समीक्षा की तथा कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए कार्यालयों का मार्ग-दर्शन किया।




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के अध्यक्ष विकास कुमार यादव, उपमहाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक एवं बीमा) देश में सर्वश्रेष्ठ नराकास बने, इसके लिए भारत सरकार ने राजभाषा कार्यान्वयन के जो मानक निर्धारित किए हैं, उन पर अमल करते हुए सभी निर्धारित लक्ष्यों को परस्पर सहयोग से पूरा करना है और नराकास (बैंक एवं बीमा),मेरठ को देश में सर्वोच्च स्थान पर ले जाना है।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्यालयों को शील्ड और प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। प्रशासनिक कार्यालय वर्ग में पंजाब नैशनल बैंक, शाखा वर्ग में बैंक ऑफ इंडिया तथा बीमा कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। बैठकों में निरंतर उपस्थित रहने वाले कार्यालय-प्रमुखों को सम्मानित किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विज. ेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। बैठक का संचालन मनोज कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) एवं समिति के सदस्य-सचिव ने किया। कमलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रबंधक पंजाब नैशनल बैंक ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

# जन्मजात हाइपोथायराइडिज्म से बच्चों के विकास पर खतरा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नवजात शिशुओं में होने वाली बीमारी जन्मजात हाइपोथायराइडिज्म (Congenital Hypothyroidism) बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर गंभीर असर डाल सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार इस बीमारी में बच्चे की थायराइड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में हार्मोन नहीं बना पाती। शुरुआती दिनों में बच्चे सामान्य दिखाई देते हैं, जिससे बीमारी पहचानना मुश्किल हो जाता है। डॉक्टरों ने बताया कि थायराइड हार्मोन मस्तिष्क, हड्डियों और शरीर के विकास के लिए बेहद जरूरी है। समय पर जांच और उपचार न मिलने पर बच्चे के विकास में देरी हो सकती है। हालांकि सही समय पर इलाज शुरू होने से अधिकांश बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं। यह जानकारी एक प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर अमित उपाध्याय व डॉक्टर संदीप गर्ग ने दी।

# RCB ने प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर बनाया

## गुजरात को 255 रन का टारगेट दिया, पाटीदार के नाबाद आतिशी 93 रन



**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीद्ध ने गुजरात टाइटंस (जीटीद्ध को 255 रन का टारगेट दिया है। गुजरात ने धर्मशाला में टास जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 254 रन बनाए। यह प्लेऑफ/नाकआउट इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड गुजरात के नाम था, जिसने 2023 में क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 233/3 रन बनाए थे। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 93 रन ठोके, जिसमें 5 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। शुरुआत में वेंकटेश अय्यर ने 7 गेंदों में 19 रन की तेज पारी खेली, जबकि विराट कोहली ने 25 गेंदों में 43 और क्रुणाल पंड्या ने 28 गेंदों में 43 रन बनाए। अंत में जितेश शर्मा ने 5 गेंदों पर 15 रन जोड़कर टीम को 250 के पार पहुंचाया। गुजरात के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए। आखिरी ओवर में रजत पाटीदार और जितेश शर्मा ने मिलकर 19 रन बटोरे और बेंगलुरु को 254/5 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। पाटीदार ने ओवर में दो छक्के लगाए और 33 गेंदों में नाबाद 93 रन बनाकर लौटे। प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड को बोल्ड कर दिया। फुल लेंथ गेंद पर डेविड बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे मिडिल स्टंप से जा टकराई। टिम डेविड 5 गेंदों में सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रजत पाटीदार ने सिर्फ 21 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। रबाडा की बैक ऑफ लेंथ गेंद पर पाटीदार ने पुल शाट खेलते हुए गेंद को डीप मिड-विकेट के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया। रबाडा ने वापसी करते ही आरसीबी को झटका दिया। स्लोअर शार्ट गेंद पर क्रुणाल पंडड़ा पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले का टाप एज लेकर डीप मिड-विकेट की ओर चली गई। वहां मौजूद साई सुदर्शन ने दबाव में शानदार कैच लपका। क्रुणाल 28 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। कुलवंत का 28 रन वाला ओवर आईपीएल प्लेऑफ/नाकआउट इतिहास का दूसरा सबसे महंगा ओवर बन गया। इससे पहले सबसे महंगा ओवर 2014 के क्वालिफायर-2 में परविंदर अवाना ने डाला था, जब पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वानखेड़े में 33 रन खर्च किए थे। 15वें ओवर में आरसीबी ने मैच का मोमेंटम पूरी तरह अपनी तरफ कर लिया। रजत और क्रुणाल ने कुलवंत के ओवर में 28 रन बना डाले। ओवर में नो-बाल, वाइड और लगातार बाउंड्री की बारिश देखने को मिली। पाटीदार ने आखिरी तीन गेंदों पर चौका, छक्का और चौका लगाकर लगाया। 15 ओवर के बाद आरसीबी का स्कोर 168/3 हो गया। 7 से 13 ओवर के बीच आरसीबी को दो बड़े झटके भी लगे। विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन बटोरे, लेकिन होल्डर ने उन्हें 43 रन पर आउट कर मैच में वापसी कराई। इसी ओवर में होल्डर ने पडिक्कल को भी पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में 13 रन बने।

## अक्षय व विक्की ने फ्रीस्टाइल में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के फ्रीस्टाइल पहलवानों अक्षय टी-धेरे और विक्की ने सोमवार को वियतनाम के दा नांग में अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया। अक्षय ने 57 किंग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान के एलेमान अमंगेलदी को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इसके तुरंत बाद, विक्की ने 97 किंग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के शेरजोद पोयोनोव को 7-5 से हराकर भारतीय खेमे की खुशी दोगुनी कर दी और पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। 53 किंग्रा के फाइनल में, मुस्कान ने वियतनाम की थी माई लिन्ह गुएन के खिलाफ मुकाबले पर पूरा नियंत्रण रखा और 6-2 से आसान जीत दर्ज कर खिताब जीता। 57 किंग्रा वर्ग में तपस्या का प्रदर्शन और भी शानदार रहा( उन्होंने कजाकिस्तान की अल्टीन शागाएवा पर 4-0 की बढ़त बनाते हुए 'बाय फॉल' (पिन करके) जीत हासिल की और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, महाद्वीपीय स्तर पर दो फ्रीस्टाइल गोल्ड जीतना एक शानदार उपलब्धि है और यह अक्षय और विक्की की बेहतरीन रणनीति का सबूत है। उन्होंने पूरे दिल से मुकाबला किया। मैं हमारी महिला पहलवानों के लिए भी उतना ही उत्साहित हूं, जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में फाइनल तक पहुंचने के लिए जबरदस्त जुझारूपन दिखाया है। यह शानदार प्रदर्शन साबित करता है कि भारतीय कुश्ती का भविय बहुत सुरक्षित हाथों में है, और मैं पूरी टीम को देश के लिए इतना गौरव लाने पर बधाई देता हूं। भाग्यश्री एच- फांड ने 62 किंग्रा वर्ग में भारत की मेडल तालिका में एक और गोल्ड जोड़ा, उन्होंने खिताबी मुकाबले में किर्गिस्तान की टिनिस डुबेक को 4.0 से हराया।

### खेल विशेष

## खिताब बचाने का दबाव सोच बदल देता है: जितेश शर्मा

**नागपुर, वार्ता।** आगामी विदर्भ प्रीमियर लीग (वीपीएल) टी20 सीजन से पहले गत विजेता नीको मास्टर ब्लास्टर के कप्तान जितेश शर्मा ने खिताब बचाने के दबाव, लगातार सफलता के लिए जरूरी मानसिकता और इस सीजन खिलाड़ियों से अपनी उम्मीदों को लेकर खुलकर बात की। पिछले सीजन टीम को चैंपियन बनाने वाले जितेश का मानना है कि किसी खिताब का बचाव करना, उसे जीतने की को. शिश करने से बिल्कुल अलग मानसिक चुनौती होती है। उन्होंने कहा, बात अगर टाइटल डिफेंड करने की हो तो अतिरिक्त दबाव आ ही जाता है।मुझे लगता है कि जब आप किसी चीज का पीछा करते हैं, तो हमेशा सोचते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए। इससे आपकी मानसिकता बदल जाती है। उन्होंने आगे कहा, जब आप जीतने या ट्रॉफी हासिल करने के लिए खेलते हैं।

## धवल कुलकर्णी बने ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स के हेड कोच

**(महाराष्ट्र), वार्ता।** आगामी टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लंबा अनुभव रखने वाले पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी को टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। पिछले सीजन में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स इस बार उनके मार्गदर्शन में खिताबी जंग के लिए लघ्ती नजर आएगी। हेड कोच नियुक्त किए जाने के बाद धवल कुलकर्णी ने टीम के साथ जुड़ने और खिलाड़ियों के साथ काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, अब तक का अनुभव बहुत अच्छा रहा है, टीम का हर खिलाड़ी उत्साहित है और अपना सर्वश्रेठ देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## विजय एलपीएल में शामिल हुए, मोईन व शाकिब अल हसन मुख्य आर्काण

**कोलंबो, वार्ता।** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) ने 1 जून को होने वाले सीजन 6 के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले, अपने मुख्य खिलाड़ियों की एक सितारों से सजी सूची जारी की है। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम भारत के ऑलराउंडर विजय शंकर का है, जो आने वाले सीजन के लिए इस टूर्नामेंट में शामिल होने जा रहे हैं। इंग्लैंड के मोईन अली और बंगलादेश के स्टार खिलाड़ी शाकिब अल हसन भी उन बड़े नामों में शामिल हैं जिन्हें फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है। फ्रेंचाइजी अब लीग के छठे संस्करण के लिए अपनी मुख्य टीमों को अंतिम रूप दे रही हैं, यह लीग 17 जुलाई से 8 अगस्त तक पूरे श्रीलंका में खेली जाएगी। शंकर, जिन्होंने 2019 के वैश्विक क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और टूर्नामेंट में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लिया था, रॉयल्स टीम में अपना व्यापक अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू अनुभव लेकर आए हैं।

## भारत ने मालदीव को 11.0 से रौंदा

**मडगांव (गोवा)वार्ता।** भारतीय सीनियर महिला टीम ने यहां पीजेएन स्टेडियम में ग्रुप बी में मालदीव के खिलाफ 11-0 की शानदार जीत के साथ अपने 2026 सैफ महिला चैंपियनशिप अभियान की जोरदार शुरुआत की। गोवा में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलते हुए, 'ब्लू टाइग्रेस' ने सोमवार रात शुरू से अंत तक शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों टीमों के बीच के अंतर को साफ कर दिया, फीफा महिला रैंकिंग में भारत 69वें स्थान पर है, जबकि मालदीव 167वें स्थान पर। इससे पहले दिन में, नेपाल ने ग्रुप । के मुकाबले में भूटान को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। अवेका सिंह ने चार गोल करके शानदार प्रदर्शन किया, जबकि प्रियंका देवी नोरेम और करिश्मा शिरवोइकर ने दो-दो गोल किए। प्यारी खाखा, ग्रेस डांगमेई और संगीता बसफोरे ने भी गोल किए।

# एक-दूसरे को एलिमिनेट करने उतरेंगे RR व SRH

- राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी व हैदराबाद के अभिषेक शर्मा की देखने को मिलेगी टक्कर
- जोफ्रा आर्चर व पेट कमिंस के गेंदबाजी की भी होगी अग्नि परिक्षा



**मुल्लांपुर, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2026 का एलिमिनेटर मुक. ाबला एक हाई-वोल्टेज टक्कर बन गया है, जिसमें दो बिल्कुल अलग ताकतें आमने-सामने हैं: एक तरफ निडर युवा जोश और दूसरी तरफ बेमिसाल ताकत। इस मुकाबले के केंद्र में एक ऐसी कहानी है जिसने पूरे क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है,

एसआरएच के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी, और हैदराबाद के टॉप ऑर्डर के साथ जोफ्रा आर्चर की तेज गेंदबाजी की टक्कर। मुंबई इंडियंस पर शानदार जीत हासिल करके प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद, राजस्थान की टीम पूरे जोश के साथ इस नॉकआउट मैच में उतर रही है। उनका यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन लीग-स्टेज के आखिरी दौर में उनकी शानदार वापसी ने टीम में फिर से जीत का भरोसा जगा दिया है। इस वापसी का काफी श्रेय सूर्यवंशी की निडर बल्लेबाजी को जाता है, जो इस टूर्नामेंट के सबसे रोमांचक युवा खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे हैं। सूर्यवंशी के इस सीजन में हैदराबाद के खिलाफ खेली गई एक शानदार शतकीय पारी भी शामिल है, यह एक ऐसी पारी थी जिसने अहम मौकों पर एसआरएच की गेंदबाजी की कमजोरियों को उजागर कर दिया था। अब, एलिमिनेटर मुकाबले के रूप में एक बार फिर दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इस बार दांव पर बहुत कुछ लगा है, और एसआरएच की टीम यह पक्का करना चाहेगी कि पिछली बार जैसी हार या पतन दोबारा न हो। इस युवा बल्लेबाज की तेज और स्पिन, दोनों तरह की गेंदों का सामना करने की काबिलियत ही उसे राजस्थान की आगे बढ़ने की उम्मीदों का सबसे अहम खिलाड़ी बनाती है। कहानी के दूसरी तरफ आर्चर खड़े हैं, राजस्थान की गेंदबाजी के मुख्य हथियार और इस टूर्नामेंट के पावरप्ले में सबसे खतरनाक गें. दबाजों में से एक। एसआरएच की तूफानी सलामी जोड़ी-अभोक शर्मा और ट्रैविस हेड-को रोकने में आर्चर की भूमिका बेहद अहम होगी, ए दोनों इस सीजन की सबसे खतरनाक साझेदारियों में से एक रहे हैं। एसआरएच की बल्लेबाजी का मूल मंत्र ही शुरुआत से ही आक्रामक खेलना है, और आर्चर की सटीक गेंदबाजी और रफ्तार ही यह तय करेगी कि मैच पर उनका दबदबा रहेगा या वे दबाव में आकर बिखर जाएंगे। हैदराबाद की टीम लीग-स्टेज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस मैच में उतर रही है। उनकी बल्लेबाजी लाइनअप बेहद मजबूत है, जिसमें उनके आक्रामक सलामी बल्लेबाजों के अलावा हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। विशाल स्कोर खड़ा करने या बड़े से बड़े लक्ष्य का पीछा करने की उनकी काबिलियत ने उन्हें इस टूर्नामेंट की सबसे खौफनाक बल्लेबाजी टीमों में से एक बना दिया है। हालांकि, टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाजों पर उनकी अत्यधिक निर्भरता उन्हें कमजोर भी बना सकती है-खासकर तब, जब शुरुआत में ही विकेट गिर जाएं। वहीं दूसरी ओर, राजस्थान की टीम ने हाल के मैचों में अधिक संतुलित और सधी हुई रणनीति अपनाई है। हालांकि उनकी बल्लेबाजी सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के इर्द-गिर्द घूमती रही है, वहीं आर्चर, नांद्रे बर्गर और बहुमुखी स्पिन गेंदबाजी की अगुवाई में उनके गेंदबाजी आक्रमण ने करो या मरो के मैचों में दबाव में शानदार प्रदर्शन किया है।

# स्वियातेक, रायबाकिना आसानी से आगे बढ़ीं, वावरिका, मोंफिल्स ने संन्यास लिया

- ऑस्ट्रेलियाई किशोरी एमर्सन जोन्स को सिर्फ एक घंटे में 6-1, 6-2 से आसानी से हरा दिया



**पेरिस, वार्ता।** चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक और ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता एलेना रायबाकिना सोमवार को रौलां गैरो में दूसरे दौर में पहुंच गईं, जबकि अनुभवी खिलाड़ी स्टैन वावरिका और गइल मोंफिल्स ने संन्यास की घोाणा कर दी।

तीसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक, जो राफेल नडाल के लंबे समय के मेंटर फ्रांसिस रोइग के साथ कोचिंग साझेदारी शुरू करने के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेल रही थीं, ने ऑस्ट्रेलियाई किशोरी एमर्सन जोन्स को सिर्फ एक घंटे में 6-1, 6-2 से आसानी से हरा दिया। वहीं, दूसरी वरीयता प्राप्त रायबा. कना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवेनिया की वेरोनिका एरजावेक को 6-2, 6-2 से मात दी। महिलाओं के अन्य मैचों में, हाल ही में रोम चैंपियन बनीं एलिना स्वितोलिना ने संर्घा करते हुए हंगरी की अन्ना बोंडार को हराया, जबकि फ्रेंच ओपन की पूर्व फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओ. लिनी, कैरोलिना मुचोवा और जेलेना ओस्तापेंको भी अगले दौर में पहुंच गईं। पुरुों के ड्रॉ में, दो बार के फ्रेंच ओपन उपविजेता कैस्पर रूड, बेन शेल्टन, एलेक्स डी मिनौर और आंद्रेई रुब्लेव सभी दूसरे दौर में पहुंच गए। चीन के वू यिबिंग ने अमेरिकी खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 2 घंटे 12 मिनट में 7-5, 6-2, 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन में अपने करियर की पहली मुख्य-ड्रॉ जीत हासिल की। वू का अगला मुकाबला 10वीं वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली से होगा। उसी दिन, वावरिका और मोंफिल्स दोनों ने फ्रेंच ओपन को अलविदा कह दिया, क्योंकि वे पहले दौर में ही हार गए थे। कोर्ट पर रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच की ओर से भेजे गए वीडियो संदेशों के जरिए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

# ओलंपिक में भारत के पहले तीरंदाजों में स श्याम लाल का निधन

**नई दिल्ली।** श्याम लाल मीणा, जो सोल 1988 में भारत की पहली ओलंपिक तीरंदाजी टीम का हिस्सा थे, का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 61 र्वा के थे। भारतीय तीरंदाज ने अपनी तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती होने पर अंतिम सांस ली।

वे पिछले कुछ सालों से लिवर से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे। 4 मार्च 1965 को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के केवडिया गांव में जन्मे श्याम लाल मीणा ने बहुत ही साधारण शुरुआत से उठकर भारतीय तीरंदाजी के अग्रदूतों में से एक बनने तक का सफर तय किया। उन्होंने आर्थिक तंगी के बीच पारंपरिक बांस के धनु से अभ्यास करना शुरू किया, लेकिन उनकी प्रतिभा जल्द ही निखर उठी और उन्हें सरकार की 'स्पेशल एरिया गेम्स' योजना के संरक्षण में एक उच्च-स्तरीय तीरंदाज के रूप में विकसित होने का मौका मिला।

श्याम लाल मीणा भारतीय पुरुषों की रिकर्व तीरंदाजी टीम का हिस्सा थे, जिसमें उनके साथ दिग्गज लिम्बा राम और रजत हलदर भी शामिल थे, इस टीम ने कोलकाता में आयोजित 1987 एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इसे भारतीय तीरंदाजी के इतिहास में पहला बड़ा अंतर्राट्रीय पदक माना जाता है। इस पदक जीत के साथ ही भारत ने सोल 1988 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया, जो ग्रीमकालीन खेलों में भारतीय तीरंदाजी की पहली उपस्थिति थी। श्याम लाल ने ट्रायल्स के माध्यम से सोल जाने वाली अंतिम टीम में भी जगह बनाई, और लिम्बा राम तथा संजीव सिंह के साथ मिलकर ओलंपिक में भारत की पहली तीरंदाजी टीम का गठन किया। सोल 1988 में व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन राउंड में वे 71वें स्थान पर रहे, जबकि पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी 20वें स्थान पर रही। र्वा 1989 में, भारतीय तीरंदाजी में उनके अमूल्य योगदान के लिए श्याम लाल मीणा को प्रतिठित 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया, जो भारत के सर्वोच्च खेल सम्मानों में से एक है। अपने करियर के दौरान, श्याम लाल मीणा ने कई अंतर्राट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया और राजस्थान तथा पूरे देश में तीरंदाजी को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिस्पर्धी खेलों से संन्यास लेने के बाद भी, वे बांसवाड़ा के जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र में तीरंदाजी कोच के रूप में इस खेल से घनिठ रूप से जुड़े रहे, जहां उन्होंने युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारा।

# भारत की हॉकी टीमें अंडर-18 एशिया कप के लिए जापान रवाना



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें जापान के काका. मिगहारा के लिए रवाना हो गई हैं। ए टीमें अंडर-18 एशिया कप 2026 में हिस्सा लेंगी, जो 29 मई से 6 जून तक जापान में आयोजित किया जाएगा। पुरु टीम सोमवार शाम को रवाना हुई,

जबकि महिला टीम मंगलवार सुबह नई दिल्ली से रवाना हुई। दोनों टीमें गहन राट्रीय कोचिंग शि. विरों के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रही हैं। इन शिविरों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच भी शामिल थे,

जिनका मकसद एशिया की सर्वश्रेठ उभरती हॉकी प्रतिभाओं के सामने एक मजबूत चुनौती पेश करना है। अंडर-18 पुरु और महिला दोनों टीमों के लिए एक महीने लंबे राट्रीय शिविर साई, भोपाल में स्थित उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल सेंटर में आयोजित किए गए थे। जहां पुरुष टीम के कोचिंग स्टाफ में सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा शामिल हैं, वहीं महिला टीम की कोच रानी हैं।

अपनी तैयारियों के हिस्से के तौर पर, भारत की पुरु और महिला टीमों ने भोपाल में एक 'एक्सपोजर टूर' के तहत, दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार-चार मैचों की एक हाई-प्रोफाइल सीरीज खेली। भारत की पुरु टीम ने एक मैच जीता और एक हारा, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे।

# पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में इंग्लिश करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया इस सप्ताहांत से शुरू होने वाली पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अपने चौथे कप्तान को मैदान में उतारेगा, क्योंकि मिच मार्श दौरे से बाहर होने वाले ताजा सीनियर खिलाड़ी बन गए हैं।

जोश इंगलिस तीन मैचों की इस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे, क्योंकि पता चला है कि मार्श को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान टखने में चोट लग गई थी। 50 ओवर के कप्तान पैट कमिस और उनके उप-कप्तान ट्रैविस हेड - जिन्होंने टी-20 में चार बार ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की है, दोनों ही आईपीएल प्लेऑफ के कारण इस दौरे पर मौजूद नहीं हैं, क्योंकि आईपीएल के मैच इस्लामाबाद और लाहौर में होने वाले मैचों के साथ ही पड़ रहे हैं। ऐसे में कप्तानी की बागडोर इंग. लिस के हाथों में आ गई है। दिलचस्प बात यह है कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नवम्बर 2024 में भी एक बार यह भूमिका निभाई थी, तब भी पाकिस्तान के खिलाफ ही, और तब भी जब टीम के कई मुख्य खिलाड़ी अनुपस्थित थे। मार्श, जिनकी जगह वनडे टीम में अभी तक किसी और को नहीं लिया गया है,

पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स का आईपीएल का आखिरी मैच न खेल पाने के बाद घर लौट आए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने कहा, मार्श--- आगे की जांच और इलाज के लिए अगले आदेश तक पर्थ में ही रहेंगे। बांग्लादेश के 'व्हाइट बॉल' (सीमित ओवरों के) दौरे के लिए उनकी उपलब्धता पर उचित समय पर फैसला लिया जाएगा। कमिस के साथ-साथ जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क भी पाकिस्तान और बांग्लादेश, दोनों ही दौरों से बाहर रहेंगे। आईपीएल खत्म होने के बाद ट्रैविस हेड बांग्लादेश में टीम के साथ जुड़ेंगे।

# बातचीत के बीच झड़प

एक तरफ जहां ईरान और अमेरिका के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत चल रही है और दोनों ही पक्ष उम्मीद जता रहे हैं कि बातचीत सही दिशा की तरफ जा रही है। तभी ऐसी खबर का आना जो संघर्ष विराम के लिए खतरा बन सकती है, लोगों में खौफ पैदा करता है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि भले ही संघर्ष अब ईरान-इस्राईल के बीच हो रहा हो, लेकिन इस संघर्ष से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। मंगलवार को ईरान की इस्लामिक रेवोल्युशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने यह दावा कर हलचल मचा दी कि उसने फारस की खाड़ी के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया। साथ ही उसने कहा कि वह अमेरिकी सेना द्वारा युद्ध विराम के किसी भी उल्लंघन का करारा जवाब देगा। इतना ही नहीं उसने यह भी दावा कि अमेरिकी ड्रोन और एक एफ 35 फाइटर जैट पर भी फायरिंग की, जिससे दोनों वायु यानों को इलाका छोड़ना पड़ा। वहीं अमेरिकी नोसेना का कहना है कि उसने ईरान के बंदरबांस में कई हवाई हमलों को अंजाम दिया। अमेरिकी केंद्रीय कमान के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स के हवाले से सीएनएन ने कहा भी कि अमेरिकी बलों ने मंगलवार को ईरानी बलों के खतरे से अमेरिकी सैनिकों की रक्षा के लिए दक्षिण ईरान में आत्मरक्षा हमलों को अंजाम दिया। मतलब साफ है कि दोनों ही पक्ष इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने एक-दूसरे पर हमला किया। अभी अच्छी बात यही है कि युद्ध विराम को लेकर अभी दोनों पक्ष संजीदा दिखाई दे रहे हैं और इसके टूटने की बात नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा कि इन झड़पों का युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है और यह जारी रहेगा, लेकिन एक बात तो साफ है कि इस घटना से एक बार फिर यह पता चलता है कि दोनों पक्षों के बीच अविश्वास का जो माहौल बना है, उसमें कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है और दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर जरा भी भरोसा करने के लिए तैयार नहीं हैं, निश्चित रूप से यह बड़ी जटिल स्थिति है, जो समझौतों के लिए हो रही बात. चीत पर भी संदेह पैदा करती है। वैसे देखा जाए तो इस सारी स्थिति के लिए दो व्यक्ति ही सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। एक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जो आए दिन अपने बयानों से विरोधाभास पैदा करते हैं और दूसरे इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिनको युद्ध का चस्का लग चुका है और वह सबसे बड़े युद्ध के हिमायती दिखाई देते हैं। जहां तक बात बाकी दुनिया की है हर कोई चाहता है कि पश्चिम एशिया का संकट हल हो और होमुर्ज स्टेट पूरी तरह खुले, जिससे दुनिया राहत की सांस ले सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि पर्दे के पीछे जो बातचीत चल रही है वह किसी सकारात्मक नतीजे पर पहुंचे।

# भविष्य की कीमत पर बिक रहा आज का मां-बाप





कृति आरके जैन

टूटी नींदों और अधूरी मुस्कानों के बीच पलता सच आज अभिभावकों की कठोर हकीकत बन चुका है। जब समाज अभिभावकों की भूमिका को नए नजरिए से देखेगा, तब 1 जून 2026 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस की थीम 'अभिभावकों के लिए एकजुट' कोई साधारण थीम नहीं, बल्कि समाज की नींव को हिला देने वाली सच्चाई बनेगा। आज माता-पिता अकेलेपन, डिजिटल दबाव और बढ़ती अपेक्षाओं के बीच संतुलन साध रहे हैं। परिवार ढांचे कमजोर हो रहे हैं और बचपन स्क्रीन में खोता जा रहा है। ऐसे में अभिभावक केवल देखभालकर्ता नहीं, भविष्य के निर्माता हैं। यह दिन स्पष्ट करता है कि बच्चों की नींव शिक्षा नहीं, बल्कि साझा सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी पर टिकी है।

अभिभावकत्व आज एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां दबाव और जिम्मेदारियां पहले से कहीं अधिक तीव्र हैं। बच्चे अब घर और स्कूल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी तरह डिजिटल दुनिया के हिस्सेदार बन गए हैं। सोशल मीडिया, गेमिंग और ऑनलाइन ट्रेंड्स उनके सोच और व्यवहार को गहराई से बदल रहे हैं। ऐसे समय में माता-पिता केवल अनुशासनकर्ता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, तकनीकी साथी और भावनात्मक सहारा बन गए हैं। इस दोहरी भूमिका में वे अक्सर मानसिक थकान और अपराधबोध महसूस करते हैं। समाज की आदर्श माता-पिता की अपेक्षा उनका आत्मविश्वास कमजोर करती है। इसलिए आज सबसे अधिक जरूरत सामूहिक समर्थन की है। इतिहास साक्षी है कि हर सभ्यता की नींव मजबूत अभिभावकत्व पर टिकी रही है। जब परिवार जुड़े हुए थे, तब समाज भी अधिक स्थिर और संवेदनशील था। दादा-दादी की कहानियां, माता-पिता का अनुशासन और सामुदायिक जीवन बच्चों को नैतिक मूल्यों से जोड़ते थे। संयुक्त परिवार की व्यवस्था बच्चों को नैतिक मूल्यों, भावनात्मक सुरक्षा और सांस्कृतिक निरंतरता प्रदान करती थी। आज यह ढांचा तेजी से टूट रहा है और पीढ़ियों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। बच्चे भौतिक रूप से समृद्ध हैं, पर भीतर से असंतुलित हो रहे हैं। अभिभावक अकेले इस खालीपन को भरने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब लगभग असंभव चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक भागीदारी को फिर से मजबूत करना जरूरी है, ताकि बच्चों का संतुलित विकास संभव हो सके। आज की बदलती अर्थव्यवस्था और तेज रफ्तार कार्यसंस्कृति ने अभिभावकों पर जिम्मेदारियों का बोझ कई गुना बढ़ा दिया है। माता और पिता दोनों ही रोजगार की अनिश्चितता और लंबे कार्यघंटों के बीच संतुलन साधने को संघर्षरत हैं। ऐसे में बच्चों के साथ समय बिताना लगातार कठिन होता जा रहा है। तकनीक ने भले ही काम को सरल बनाया हो, लेकिन उसने व्यक्तिगत संबंधों में दूरी भी बढ़ाई है। अब माता-पिता केवल आर्थिक सुरक्षा देने वाले नहीं, बल्कि भावनात्मक स्थिरता का आधार भी बन गए हैं। यह दोहरी भूमिका उन्हें निरंतर दबाव में रखती है। परिणामस्वरूप परिवारों में संवाद घट रहा है और भावनात्मक दूरी बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में सामुदायिक सहयोग और लचीली कार्यनीतियां बेहद जरूरी हो गई हैं। आज की बदलती दुनिया में यह स्पष्ट हो चुका है कि 'अभिभावकों के लिए एकजुट' अब केवल नारा नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। जब अभिभावक अकेले संघर्ष करते हैं, तो उसका असर सीधे बच्चों के भविष्य पर पड़ता है। बढ़ता तनाव, मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं और डिजिटल निर्भरता ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस थीम का उद्देश्य केवल जागरूकता नहीं, बल्कि एक ऐसा सहयोग तंत्र बनाना है जहां हर व्यक्ति अभिभावकों के साथ खड़ा हो। शिक्षक, पड़ोसी, नीति-निर्माता और कार्यस्थल मिलकर परिवारों को मजबूती दें। यही सामूहिक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और संतुलित जीवन दे सकता है। दुनिया के हर कोने में माता-पिता की पीड़ा एक जैसी दिखाई देती है, चाहे देश या संस्कृति कोई भी हो। आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन, सामा. जिक विभाजन और तेज तकनीकी बदलाव ने परिवारों को गहराई से प्रभावित किया है। हर जगह अभिभावक अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विकसित और विकासशील दोनों ही देशों में मानसिक तनाव और समय की कमी एक सामान्य समस्या बन चुकी है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि देशों के बीच सीख साझा की जाए, तो अभिभावकत्व की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। परंपरा और आधुनिकता के बीच खड़ा अभिभावक आज संतुलन की कठिन राह पर चल रहा है। एक ओर उसे बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है, तो दूसरी ओर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। यह संतुलन बेहद चुनौतीपूर्ण है क्योंकि दोनों दिशाओं का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। परंपरागत मूल्य अनुशासन और सामूहिकता सिखाते हैं, जबकि आधुनिक शिक्षा स्वतंत्र सोच और नवाचार को बढ़ावा देती है। अभिभावक इन दोनों के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए, तो बच्चों का व्यक्तित्व प्रभावित हो सकता है। इसलिए अभिभावकों के लिए निरंतर सीखना और समय के साथ स्वयं को बदलना आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्ट्स भी बार-बार चेतावनी दे रही हैं कि माता-पिता के बढ़ते तनाव का सीधा असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और विकास पर पड़ रहा है। वह अनदेखी मेहनत जो हर सुबह दुनिया को संभालती है, वही अभिभावक हैं। अंतर्राष्ट्रीय अभिभावक दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें याद दिलाता है कि अभिभावक समाज की वह रीढ़ हैं।

## श्रीमुख से...

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर दिखाई दे



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिए, सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर की जाए, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए, आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है, प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96-75 लाख से अधिक नि:शुल्क उपचार हो चुके हैं, आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी की आईपीडी सेवाएं भी योजना का हिस्सा बनेंगी।

-योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**


**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# महिलाओं की सुरक्षा, मगर पुरुषों का क्या



शिबली रामपुरी



एक बुजुर्ग शख्स काफी दिन पहले मिले उनको डायबिटीज की शिकायत है और काफी बीमार हैं वह बता रहे थे कि उन्होंने अपने बेटे की शादी की और बहू से उनकी कुछ अनबन होने लगी तो बहू ने उन पर झूठे इल्जाम दहेज वगैरा के लगा दिए इसके बाद मजबूरी में आकर बेटा घर से बाहर किराए पर मकान लेकर रहता है ताकि मां-बाप सुख शांति से रह सकें। उनकी बेबसी और शिकायत यही थी कि उनकी बात को इतनी गंभीरता से नहीं सुना गया कि जितनी गंभीरता से उनके बेटे की पत्नी की बात को सुना गया और इसीलिए उन्होंने हालात से समझौता किया क्योंकि वह लाचारी और बेबसी में क्या कर सकते थे। यह किसी एक घर की कहानी नहीं है बल्कि ऐसे बहुत सारे मामले सामने आते हैं जो यह बताते हैं कि किस तरह से महिलाओं के हक में बनाए गए कानून का आज बहुत तेजी के साथ दुरूपयोग होने लगा है लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस पर गंभीरता से कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से बेकसूर लोग बेवजह प्रताड़ित होते हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए जो कानून बनाए गए हैं, उन पर किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं है। जितने सख्त ए कानून बनाए गए हैं, यदि इन्हें और अधिक सख्त किया जाए तो भी इसमें कोई बुराई नहीं है, क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा होना बेहद जरूरी है। लड़कियों से लेकर महिलाओं तक, हर किसी को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जिन पुरुषों पर अत्याचार होता है, उनकी आवाज कानूनी तौर पर इतनी कमजोर क्यों पड़ जाती है? यह कहना भी गलत नहीं होगा कि जिन पुरुषों पर उनकी पत्नी या ससुराल पक्ष द्वारा अत्याचार किया जाता है, उन्हें न्याय पाने के लिए आज भी दर-दर भटकना पड़ता है। इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज भी पुरुषों की सुरक्षा के लिए कानूनों की कमी महसूस होती है। इसी वजह से बड़ी संख्या में ऐसे पुरुष हैं जो मानसिक, सामा. जिक और कानूनी प्रताड़ना का शिकार होते हैं, लेकिन अपनी पीड़ा खुलकर सामने नहीं रख पाते। देश में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां दहेज या घरेलू विवाद के नाम पर पत्नी और उसके परिवार वालों ने पति तथा उसके माता-पिता पर झूठे मुकदमे दर्ज करा दिए। कई बार अन्य झूठे आरोप लगाकर उन्हें जेल तक भेज दिया गया।

बाद में अदालत में सुनवाई के दौरान यह साबित हुआ कि जिन लोगों पर आरोप लगाए गए थे, वे पूरी तरह निर्दोष थे। लेकिन जब तक उन्हें न्याय मिलता है, तब तक उनका सामाजिक सम्मान, आर्थिक स्थिति और मानसिक शांति काफी हद तक बर्बाद हो चुकी होती है।

केंद्र सरकार से लेकर विभिन्न राज्य सरकारों तक ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए हैं और उन्हें और मजबूत करने का प्रयास किया है। इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि न्याय का यह कैसा पैमाना है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए तो अनेक कानून हैं, मगर महिलाओं द्वारा प्रताड़ित पुरुषों की सुरक्षा के लिए कोई विशेष व्यवस्था दिखाई नहीं देती? जहां महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाता है, वहीं पुरुषों की स्थिति यह है कि कई बार पुलिस अधिकारी भी उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेते। पूरा ध्यान केवल महिला पक्ष के आरोपों पर केंद्रित रहता है। जबकि न्याय का तकाजा यह है कि दोनों पक्षों की बात समान गंभीरता से सुनी जाए और दोनों को बराबरी का न्याय मिले। आज के समय में ऐसे बहुत से लोग हैं जिनकी जिंदगी झूठे दहेज और घरेलू हिंसा के आरोपों ने बर्बाद कर दी। वे कानूनी लड़ाई लड़ते-लड़ते आर्थिक और मानसिक रूप से टूट गए, और बदनामी अलग झेलनी पड़ी। ऐसे में भारत सरकार से यह मांग की जानी चाहिए कि वह ऐसे कानून बनाए जिनसे पुरुषों की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिस तरह महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर और सहायता केंद्र बनाए गए हैं, उसी तरह पुरुषों के लिए भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, संसद सदस्यों को भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने की जरूरत है, ताकि न्याय का संतुलन बना रहे और हर पीड़ित व्यक्ति चाहे वह महिला हो या पुरुष उसे समान रूप से न्याय मिल सके।

# मोदी जी को गद्दार बोलकर राहुल गांधी को क्या हासिल होगा



रोहित कौशिक

राहुल गांधी द्वारा रायबरेली की एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को गद्दार कहने पर एक बार फिर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राहुल गांधी का तर्क यह था कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह संविधान पर हमला कर संविधान का अपमान कर रहे हैं, इसलिए वे गद्दार हैं। हालांकि राहुल गांधी को भी भाजपा के लोग देशद्रोही सिद्ध करते रहते हैं। सवाल यह है कि क्या नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को गद्दार कहकर कांग्रेस को सत्ता हासिल हो सकती है?

निश्चित रूप से भाजपा की नीतियों की आलोचना और उन नीतियों पर प्रहार करना कांग्रेस का कर्तव्य है लेकिन प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए गद्दार शब्द का इस्तेमाल करके क्या कांग्रेस भी संविधान के खिलाफ काम नहीं कर रही है ? क्या हमारे देश का संविधान यह इजाजत देता है कि राजनीति में भाषा की मर्यादा खत्म कर दी जाए? जब भाजपा के अनेक नेता गांधी परिवार के खिलाफ असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो क्या कांग्रेस के नेताओं को यह अच्छा लगता है ? इस समय कांग्रेस समर्थित बुद्धिजीवी और पत्रकार यह कह रहे हैं कि राहुल गांधी भाजपा पर जबरदस्त प्रहार कर रहे हैं ? क्या प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करना जबरदस्त प्रहार करना होता है ? भाजपा पर जबरदस्त प्रहार करना कांग्रेस का अधिकार है लेकिन नीतियों पर जबरदस्त प्रहार करना चाहिए न कि व्यक्तिगत रूप से। क्या राहुल गांधी द्वारा इसलिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए क्योंकि भाजपा के अनेक नेता भी तो गांधी परिवार के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करते रहते हैं? अगर राहुल गांधी या फिर कांग्रेस के नेता ऐसा करते हैं तो फिर राजनीतिक शुचिता का उदाहरण कौन प्रस्तुत करेगा ? अगर राजनेताओं की मानसिकता यह होगी कि दूसरी पार्टी के लोग भी तो ऐसा ही कर रहे हैं, इसलिए हम भी ऐसा ही करेंगे तो फिर राजनीति किस दिशा में जाएगी, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

राहुल गांधी अपनी पार्टी के जिम्मेदार राजनेता है। इसके साथ ही वह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद है। अगर इतने बड़े स्तर के राजनेता एक-दूसरे के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल करेंगे तो हम किस प्रकार की राजनी. ति करेंगे? एक प्रगतिशील समाज में हमें भाषा समेत हर स्तर पर आगे की तरफ बढ़ना है लेकिन हम पीछे की तरफ जा रहे हैं। सवाल यह है कि राहुल गांधी स्वयं यह व्यवहार कर रहे हैं या फिर उनके सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं? शायद राहुल गांधी के सलाहकार उन्हें यह सलाह दे रहे हैं कि आप भापजा पर आक्रामक तरीके से हमला कीजिए। निश्चित रूप से नीतियों पर आक्रामक तरीके से हमला होना चाहिए लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए राजनेताओं को गद्दार कहना आक्रामकता नहीं, असभ्यता होती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के तमाम राजनेता लोतांत्रिक तरीके से जीतकर आए है और भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से ही सरकार बनाई है। ऐसे में उनके लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि भाजपा पर लगातार वोट चोरी का आरोप लगता रहता है और विपक्ष यह भी सवाल उठाता रहता है कि भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से सरकार नहीं बनाई है। अगर विपक्ष के इस आरोप को सही मान लें तो भी किसी के प्रति असभ्य भाषा के इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए। यह बात भाजपा के नेताओं पर भी लागू होती है। भाजपा के अनेक राजनेता भी गांधी परिवार के लिए अमर्यादित टिप्पणियां करते हैं। राजनीतिक शुचिता की बात करने वाली भाजपा के राजनेता भी यदि भाषा की मर्यादा का ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए उनकी लड़ाई एक मजबूत संगठन वाली पार्टी भाजपा से है। कई कोशिशों के बावजूद कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं हो पाया हैं। अगर संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेस की तुलना भाजपा से की जाए तो जमीनी सच्चाई हम सबके सामने आ जाएगी। राहुल गांधी को यह सोचना चाहिए कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को गद्दार बोलकर कहीं वे अपनी लड़ाई कमजोर तो नहीं कर रहे हैं? कांग्रेस को असली सफलता तब तक नहीं मिल सकती जब तक कि उसके साथ नए मतदाता नहीं जुड़ेगे। इसका अर्थ यह है कि अपने पारम्परिक मतदाओं के अलावा कुछ भाजपा के मतदाताओं को भी कांग्रेस को जोड़ना होगा। लेकिन राहुल गांधी जिस तरह से मोदी जी को गद्दार कह रहे हैं, क्या उस तरह से कांग्रेस के साथ नए मतदाता जुड़ पाएंगे ? यह सही है कि राहुल गांधी मेहनत कर रहे हैं लेकिन क्या उनकी मेहतन सही दिशा में हो रही है या फिर बयानों के माध्यम से माहौल गर्म कर सत्ता प्राप्त करने की कोशिश की जा रही है। सिर्फ बयानबाजी करके किसी भी हाल में सत्ता प्राप्त नहीं की जा सकती। क्या कांग्रेस जमीन पर उतनी मेहतन कर रही है जितनी मेहनत भाजपा करती है? जमीन पर सार्थक प्रयास न होने के कारण संगठन के स्तर पर कांग्रेस मजूबत नहीं हो पा रही है। आज जरूरत इस बात की है कि राहुल गांधी अपने व्यवहार और भाषा में सुधार कर संगठन को मजबूत बनाने पर ध्यान दें। अगर राहुल गांधी यह सोच रहे हैं व्यक्तिगत हमले कर और संविधान की कॉपी हवा में लहराकर कोई परिवर्तन हो जाएगा तो यह बहुत ही मुश्किल है। जो लोग राहुल गांधी को आक्रामक होने की सलाह दे रहे हैं उन्हें यह भी सलाह देनी चाहिए कि आक्रामक होने का अर्थ असभ्य होना नहीं है। सिर्फ भाषणों में ही आक्रामक होने से काम चलने वाला नहीं है, सगंठन को मजबूत करने में राहुल गांधी कितने आक्रामक हो पाते है, यह देखना होगा। मोदी जी को गद्दार कहने से पहले राहुल गांधी को यह सोचना होगा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में कांग्रेस में इतने वर्षों से सूखा क्यों है? जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से उनके वक्तव्यों में गंभीरता की उम्मीद की जाती है, उसी तरह लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी से भी यह उम्मीद की जाती है कि उनके बयानों में हल्कापन न हो बल्कि गंभीरता हो।



पटना। ज्ञान भवन में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेला-2026 के दूसरे दिन पंजीकरण काउंटर पर नौकरी चाहने वाली महिलाओं की भीड़।

## ईडी ने 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी मामले में पांच जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 258 करोड़ के नशीले पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मदुरै और चेन्नई में पांच जगहों पर छापेमारी की है। यह नेटवर्क समुद्र के रास्ते श्रीलंका में भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। ईडी के चेन्नई क्षेत्रीय कार्यालय ने बताया कि यह कार्रवाई डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) द्वारा जॉन ब्रिटो और अन्य के खिलाफ एनडीपीएस और कस्टम एक्ट के तहत दर्ज मामलों के आधार पर शुरू की गई है।

## मोदी ने वैश्विक नेताओं को भेंट किए जनजातीय कला वाले उपहार


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल की अपनी विदेश यात्राओं के दौरान वहां के नेताओं को जनजातीय कलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाने वाले उपहार भेंट कर देश की समृद्ध विरासत और पारंपरिक शिल्प कौशल से उन्हें अवगत कराया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मोदी ने स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया को मध्य प्रदेश की परंपरागत गोंड पेंटिंग भेंट की, जो भारत की जीवंत जनजातीय कला की विरासत का प्रतीक है। गोंड आदिवासी समुदाय की इस कला को अपने जटिल बिंदु-रेखा पैटर्न, चमकदार प्राकृतिक रंगों और प्रकृति से प्रेरित विषयों के चित्रण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। गोंड कला मध्य भारत के आदिवासी कारीगरों को स्थाई रूप से आजीविका के अवसर प्रदान करती रहती है।

# इजरायल को देश नहीं मानेंगे: पाकिस्तान

## रक्षा मंत्री ने कहा: पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इजरायल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। आसिफ ने कहा हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर लिखा होता है कि यह इजरायल के लिए मान्य नहीं है।

इससे पाकिस्तान का रुख पूरी तरह साफ है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी। पाकिस्तान से भी कहा गया था कि अगर वह अमेरिका-ईरान शांति प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे इजरायल को मान्यता देनी होगी। पाकिस्तान के लिए अब्राहम समझौते में शामिल होने का मामला संवेदनशील है और राजनीतिक रूप से मुश्किल है। पाकिस्तान लंबे समय से खुद को फलस्तीन के



■ ट्रम्प ने मुस्लिम देशों से इजरायल से रिश्ते सुधारने और अब्राहम समझौते में शामिल होने की अपील की थी

समर्थक देश के तौर पर पेश करता रहा है। वहां आम जनता के बीच फलस्तीन का मुद्दा भावनात्मक और धार्मिक दोनों स्तर पर बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करना चाहेगा लेकिन वह अपनी घरेलू राजनीति को भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। पाकिस्तान ने पिछले 78 साल में कभी इजरायल को मान्यता नहीं दी है। उसका आधिकारिक रुख यह रहा है कि जब तक 1967 से पहले की सीमाओं के आधार पर स्वतंत्र फलस्तीनी राज्य नहीं बनता, तब तक वह इजरायल को मान्यता नहीं देगा। इसी वजह से पाकिस्तान में इजरायल के साथ रिश्ते सामान्य करने का मुद्दा हमेशा घरेलू राजनीति से भी जुड़ा रहा है।

किसी भी सरकार के लिए इस पर नरम रुख अपनाना राजनीतिक जोखिम माना जाता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने 25 सितंबर 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। ट्रम्प की सबसे बड़ी रणनीतिक कोशिश यह है कि ईरान युद्ध खत्म होने के बाद पश्चिम एशिया में एक नया अमेरिकी समर्थक गठबंधन तैयार किया जाए, जिसमें इजरायल और प्रमुख अरब देश एक साथ हों। दशकों तक अरब देशों की नीति थी कि फलस्तीन मुद्दा सुलझे बिना इजरायल को मान्यता नहीं दी जाएगी। ट्रम्प की कोशिशों के बाद 2020 में अब्राहम समझौते ने उस पुरानी नीति को तोड़ दिया। इसके तहत यूएई, बहरीन और मोरक्को जैसे देशों ने इजरायल के साथ आधिकारिक संबंध बनाए।

# अब खाड़ी में पैर नहीं फैला सकेगा अमेरिका: खामेनेई

## मुस्लिम देशों से अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान किया

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला सैयद मुजतबा खामेनेई ने मुस्लिम देशों से आपसी सहयोग को मजबूत करने और अमेरिकी प्रभुत्व से परे एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि अमेरिका अब क्षेत्र में अपने सैन्य ठिकाने नहीं बना पाएगा। आयतुल्ला खामेनेई ने हज यात्रा के दूसरे दिन 'यौम-ए-अरफा' के अवसर पर मंगलवार को जारी संदेश में कहा कि वैश्विक मुस्लिम उम्माह (राष्ट्र) और क्षेत्र के देशों के पास अनेक साझा क्षमताएं और समान हित मौजूद हैं, जो क्षेत्र और विश्व की नई व्यवस्था तथा भविष्य की संरचना को आकार देंगे।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं और अमेरिकी सैन्य प्रभाव लगातार कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय के पहिए को पीछे नहीं घुमाया जा सकता। क्षेत्र के देश अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल का काम नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के पास अब अपनी शरारतों और क्षेत्र में सैन्य अड्डे स्थापित करने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा और वह दिन-ब-दिन अपनी पूर्व स्थिति से दूर होता जा रहा है। संदेश में क्षेत्रीय 'प्रतिरोध मोर्चे' की भूमिका की भी सराहना की गई, जिसे उन्होंने ईरान, लेबनान, फलस्तीन, इराक, सीरिया, अफ्रीका, यमन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक फैला हुआ एक संयुक्त आंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि इन शक्तियों ने अमेरिकी प्रभाव का मुकाबला किया, इजरायली कब्जे को चुनौती दी और इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी संगठन के खिलाफ संघर्ष किया। आयतुल्ला खामेनेई ने इजरायल को 'कैंसरयुक्त ट्यूमर' और 'अस्थिर शासन' बताते हुए कहा कि वह 'अपने अभिशप्त जीवन के अंतिम चरण' के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने इस्लामी क्रांति के दिवंगत नेता आयतुल्ला सैयद अली खामेनेई की उस भविष्यवाणी का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि इजरायली शासन अगले 25 वर्षों तक कायम नहीं रह पाएगा। संदेश में आयतुल्ला खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल के साथ हालिया संघर्ष के दौरान ईरान की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस्लामी गणराज्य ने अपने भारी हमलों के जरिए इजरायली शासन को असहाय बना दिया, आक्रामक अमेरिका को करारा थप्पड़ मारा और ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के दुश्मन के उद्देश्य को विफल कर दिया।



■ मुस्लिम देश एक ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जहां क्षेत्रीय परिस्थितियां अपरिवर्तनीय रूप से बदल रही हैं

## खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित कराने में विफल रहा: पेजेशकियन

**तेहरान/दोहा।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मंगलवार को सैन्य कमांडरों से कहा कि खाड़ी क्षेत्र के देशों ने यह निष्कर्ष निकाल लिया है कि खाड़ी में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति 'स्थाई सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।' साथ ही उन्होंने ईरान की रक्षा संरचना में व्यापक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरानी वार्ताकार कतर में वाशिंगटन के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से बातचीत कर रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पेजेशकियन ने कहा कि सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहना अवास्तविक और अप्रभावी सोच साबित हुई है। उन्होंने कहा कि दुश्मन ने नई तकनीकों और साधनों को हासिल कर लिया है तथा सशस्त्र बलों को विश्वविद्यालयों, वैज्ञानिक संस्थानों और ज्ञान-आधारित कंपनियों के साथ गहरे सहयोग के माध्यम से 'तकनीकी बढ़त और रक्षा क्षमताओं को मजबूत' करने का निर्देश दिया।

## ईरान की फ्रीज 24 अरब डॉलर राशि को जारी करने पर अमेरिका-ईरान में समझौते की संभावना

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत के दौरान ईरान के फ्रीज किए गए खातों से 24 अरब डॉलर तक की राशि को जारी करने के संबंध में समझौता हो सकता है। आईआरजीसी से जुड़े मीडिया संस्थान तस्नीम न्यूज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वार्ता दल के करीबी एक स्रोत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने प्रस्ताव दिया है कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) की घोषणा होते ही इस राशि का आधा हिस्सा, यानी लगभग 12 अरब डॉलर तुरंत उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जबकि बाकी की रकम को 60 दिनों की बातचीत की अवधि के दौरान स्थानांतरित किया जाए। चर्चा के अधीन एमओयू के मसौदे में कथित तौर पर 60 दिनों के लिए संघर्ष विराम का विस्तार, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की संभावना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर निरंतर बातचीत के लिए एक रूपरेखा शामिल है। हालांकि, प्रतिबंधों में ढील, रोकी गई संपत्तियों की रिहाई और ईरान की परमाणु गतिविधियों को सीमित करने की अमेरिकी मांगों को लेकर अभी भी बड़े मतभेद बने हुए हैं।

# फ्रांस में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

**पेरिस।** फ्रांस में भीषण गर्मी के कारण सात लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं और बढ़ते तापमान को देखते हुए दक्षिण-पश्चिम फ्रांस के समुद्र तटों पर सामान्य से अधिक भीड़ उमड़ने लगी है। इसी बीच, सरकार ने सप्ताह के अंत तक जारी रहने की आशंका वाली गर्मी से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं।

मौसम एजेंसी मेटियो-फ्रांस ने कहा कि सोमवार का दिन फ्रांस में मई माह का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। एजेंसी के अनुसार सप्ताह के दौरान कुछ क्षेत्रों में तापमान 33 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को प्रमुख मंत्रियों की बैठक बुलाई है जिसमें लू से निपटने के लिए सरकार की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसे वर्ष के शुरुआती चरण में असामान्य रूप से तेज गर्मी से जुड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर बढ़ती चिंता के रूप में देखा जा रहा है। पेरिस में सप्ताहांत के दौरान तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया। शनिवार को वर्ष 2026 में पहली बार तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

■ गर्मी से संबंधित घटनाओं में सात की मौत

पेरिस में रविवार को आयोजित 10 किलोमीटर दौड़ के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। नागरिक सुरक्षा सेवाओं ने इसकी पुष्टि की है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार राजधानी के दक्षिण-पूर्वी उपनगर मैजों-अलफोर्ट में आयोजित एक अन्य दौड़ के दौरान 10 धावकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में भी गर्मी का असर देखने को मिला, जहां सोमवार को रोलां-गैरो में दर्शकों और खिलाड़ियों को सामान्य से कहीं अधिक तापमान का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह असामान्य गर्मी 'हीट डोम' नामक स्थिति के कारण उत्पन्न हुई है। इसके तहत उत्तरी अफ्रीका से आई गर्म हवा पश्चिमी यूरोप के ऊपर बने उच्च दबाव क्षेत्र के नीचे फंस गई है। पूर्वानुमान कर्ताओं का कहना है कि इस कारण तापमान मई के सामान्य स्तर से काफी ऊपर पहुंच गया है और यूरोप के बड़े हिस्से में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

# अमेरिकी महाद्वीप में 20 देशों की संयुक्त कार्रवाई

## अभियान के तहत 3308 हथियार व 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए

**सान सैल्वाडोर।** मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियाई द्वीपों पर अवैध हथियारों की तस्करी और उससे संबंधित आपराधिक कृत्यों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए गए संयुक्त पुलिस अभियान के तहत 3,308 हथियार एवं 56 टन अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं।



अक्टूबर-नवम्बर 2025 में चलाए गए ऑर्का-11 अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय अपराधी पुलिस संगठन (इंटरपोल) के सहयोग और समर्थन से 20 देशों में यह पुलिसिया कार्रवाई की गई। इस अभियान की तैयारी के लिए इंटरपोल ने भाग लेने वाले देशों को हथियारों की तस्करी से जुड़ी खुफिया जानकारी का विश्लेषण करने, राष्ट्रीय खतरे का आकलन करने और सीमा-पार सूचनाओं के आदान-प्रदान में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्रदान की। इसमें क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अमेरिकन स्टेट्स' का भी समर्थन प्राप्त था। हथियारों की जब्ती के अलावा, इसमें शामिल अधिकारियों ने हथियारों और नशीले पदार्थों को रखने या उनकी तस्करी से जुड़े 8701 लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। साथ ही, कई अन्य अपराधों और जुर्मों के मामले भी सामने आए। अधिकारियों ने लगभग 200000 राउंड गोला-बारूद, 256025 अमेरिकी डॉलर की नकद राशि और 210 वाहन भी जब्त किए। इस क्षेत्र में हथियारों की तस्करी अन्य प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ी हुई है, जिनमें नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, प्रवासियों की अवैध घुसपैठ और साइबर अपराध शामिल हैं। इन अपराधों के पीछे सक्रिय संगठित आपराधिक समूह और गिरोह अक्सर कई तरह की अवैध वस्तुओं की तस्करी के लिए उन्हीं रास्तों का इस्तेमाल करते हैं।

इस अभियान में भाग लेने वाले 10 देशों ने भी बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी की सूचना दी। इसमें 6.9 टन कोकीन, 659403 कोका के पौधे, 9.3 टन कोकीन बेस पेस्ट, 38.5 टन मारिजुआना, दो टन मेथामफेटामाइन और 11 किलोग्राम केटामाइन शामिल है। इंटरपोल के महासचिव वाल्डेसी उरक्विजा ने अभियान के बारे में कहा कि ऑर्का-11 अभियान की वजह से हजारों हथियार का प्रसार रोका गया है और बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। यह संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई में असली प्रगति को दिखाता है।

## सीबीएसई भुगतान प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की पेमेंट गेटवे प्रणाली को मजबूत और छात्र हितैषी बनाने पर चर्चा की। प्रधान ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने और अन्य शुल्क आधारित सेवाओं के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिया कि सीबीएसई के साथ मिलकर ऐसी मजबूत भुगतान प्रणाली तैयार की जाए, जिससे भुगतान प्रक्रिया सुचारु, सुरक्षित और तेज हो सके।

# क्वाड की 20 अरब डॉलर से महत्वपूर्ण खनिज फ्रेमवर्क की घोषणा

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खनिज और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकाधिकार को तोड़ने के उद्देश्य से चार देशों के संगठन क्वाड के सदस्यों भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने 20 अरब डॉलर के निवेश से 'क्वाड महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क' की घोषणा की है।

क्वाड देशों ने महत्वपूर्ण खनिज पहल फ्रेमवर्क का निर्णय खनिज आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में विशेष रूप से चीन की मनमानी को देखते हुए लिया गया है। क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को यहां हुई बैठक में इस पहल की घोषणा की गई। बैठक के बाद जारी वक्तव्य में कहा गया है कि सदस्य देश महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने का इरादा रखते हैं। ये आपूर्ति श्रृंखलाएं उन्नत प्रौद्योगिकियों, आर्थिक विकास और औद्योगिक आधारों की मजबूती के लिए अनिवार्य हैं। इस फ्रेमवर्क के जरिये ये देश आर्थिक नीति के साधनों और समन्वित निवेश का उपयोग करके, विविध और निष्पक्ष 'महत्वपूर्ण खनिज' बाजारों के विकास में तेजी लाने के लिए मिलकर काम करने का इरादा रखते हैं। साथ ही ये देश क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण 'क्रिटिकल मिनरल्स' की आपूर्ति को मजबूत बनाएंगे। इस फ्रेमवर्क में 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं के संबंध में क्वाड साझेदारों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को निर्धारित करने के साथ-साथ प्रत्येक साझेदार की घरेलू नीतियों और प्राथमिकताओं का उचित ध्यान रखा गया है। फ्रेमवर्क के अनुसार क्वाड साझेदार देश 'महत्वपूर्ण खनिज' की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए, खनन, प्रसंस्करण और रीसाइक्लिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में, नए और मौजूदा प्रयासों के माध्यम से सरकारी और निजी क्षेत्र से लगभग 20 अरब डॉलर तक का निवेश जुटाने का इरादा रखते हैं। इसके लिए उन परियोजनाओं की पहचान की जाएगी जिनका क्वाड से सीधा जुड़ाव हो जैसे कि वे परियोजनाएं जो क्वाड साझेदार देशों में स्थित हों, क्वाड साझेदार देशों में मुख्यालय वाली कंपनियों द्वारा संचालित हों, या क्वाड बाजारों को आपूर्ति करती हों और जो 'क्रिटिकल मिनरल' आपूर्ति श्रृंखला में मौजूद कमियों को दूर करती हों।

# पोप लियो चौदहवें ने एआई के खतरे के प्रति दी चेतावनी

**वेटिकन सिटी।** ईसाई धर्मगुरु पोप लियो चौदहवें ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर अपना पहला बड़ा नीतिगत दस्तावेज जारी करते हुए विशेषज्ञों और दुनिया भर की सरकारों को इसके खतरों के प्रति गंभीर चेतावनी दी है।

मैग्निफिका ह्यूमैनिटास: ऑन सेफगार्डिंग द ह्यूमन पर्सन इन द टाइम ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (भव्य मानवता: एआई के दौर में मानव की सुरक्षा) शीर्षक वाले इस दस्तावेज में पोप ने सरकारों से एआई तकनीक के विकास की रफ्तार को धीमा करने का आग्रह किया है। उन्होंने सचेत किया कि एआई प्रणालियां गलत जानकारी फैला रही हैं, टकराव को बढ़ावा दे रही हैं और दुनिया को कभी न खत्म होने वाले युद्ध की राह पर ले जाने का जोखिम पैदा कर रही हैं। दस्तावेज में बाइबल की 'टावर ऑफ बेबेल' की कहानी का जिक्र करते हुए पोप ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब इंसानों ने घमंड में आकर बिना ईश्वर के आशीर्वाद के स्वर्ग तक पहुंचने वाली मीनार बनाने की कोशिश की, तो उसका परिणाम विनाशकारी रहा। उन्होंने कहा कि मैं सभी से अपील करता हूं कि वे एक और टावर ऑफ बेबेल बनाना बंद करें और मानवता की भलाई के लिए अपनी ताकत जुटाएं। धर्मगुरु ने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि एआई से जुड़ा डेटा और ताकत निजी क्षेत्र के कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही है।

# गोयल ने कनाडा में निवेश-व्यापार संबंध पर सार्थक चर्चा की

## वाणिज्य मंत्री ने पीएम मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड आदि के साथ की बैठक

**नई दिल्ली/ओटावा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा की अपनी यात्रा के ओटावा चरण में प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी, व्यापार मंत्री मनिदर सिद्धू, कृषि और कृषि-खाद्य मंत्री हीथ मैकडॉनल्ड तथा विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ बैठकें कर भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने और आपसी व्यापार-निवेश बढ़ाने के लिए प्रस्तावित द्विपक्षीय समझौते की बातचीत को अंतिम रूप देने पर चर्चा की हैं। गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुभकामना संदेश दिया और दोनों देशों के संबंधों को गति देने के मेजबान प्रधानमंत्री के योगदान का उल्लेख किया।

दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 70अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एक बड़े व्यावसायिक दल के साथ इस यात्रा पर गए गोयल ने प्रधानमंत्री कार्नी के साथ अपनी मुलाकात के बारे में कहा कि मैक जे कार्नी से मुलाकात की, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनकी हाल की भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद किया, जिसने भारत-कनाडा साझेदारी को नई गति और नया आत्मविश्वास प्रदान किया है। प्रधानमत्री कार्नी के साथ इस मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर भविष्योन्मुखी चर्चा हुई और सेपा के शीघ्र निष्कर्ष के प्रति आशा व्यक्त की गई। यह समझौता दोनों राष्ट्रों के लिए विकास और समृद्धि के नए रास्ते खोलेगा। प्रधानमंत्री कार्नी ने इस मुलाकात के बाद एक बयान में कहा कि हम भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। यह कनाडाई श्रमिकों और व्यवसायों के लिए एक 'गेम चेंजर' (बड़ा अवसर) साबित होगा और जिससे एक विशाल नया बाजार खुलेगा। उन्होंने कहा कि हम तेजी से काम कर रहे हैं, मैंने मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की ताकि अब तक हुई हमारी प्रगति की समीक्षा की जा सके और ऊर्जा, कृषि-खाद्य, प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा के क्षेत्रों में हमारे दोनों देशों के लिए आगे आने वाले अवसरों का पता लगाया जा सके।' गोयल ने कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री

■ दोनों पक्षों ने भारत कनाडा व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही बातचीत को लेकर उत्साह जताया है



यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108